अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## न्यूज ब्रीफ

### तमंचे के साथ दबोचा गया हिस्ट्रीशीटर का पुत्र

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सोमवार को थाना विशुनगढ़ पुलिस ने ग्राम भोला नगरिया रोड से करीब 100 मीटर दूर मैदान के पास से वांछित अभियुक्त ग्राम धरनी धरपुर नगरिया निवासी गौरव यादव पुत्र अशोक कुमार उर्फ मुनुआ को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि गौरव पहले से एक मामले में वांछित था। बरामद हथियार के आधार पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में नया केस दर्ज किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा।

### हाथरस में हुई चोरी में सौरिख के आरोपी का पिता गिरफ्तार

**सौरिख।** हाथरस में तकरीबन ढाई महीने पहले हुई लाखों के जेवर चोरी के मामले में आरोपी के पिता को कन्नौज के खड़नी से गिरफ्तार किया गया। मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से हाथरस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हाथरस जनपद की कोतवाली सिकंदरा राऊ के मोहल्ला अनल कॉलोनी बारह सैनी निवासी गीता देवी पत्नी ओमवीर सिंह ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 दिसंबर 2025 को उन्होंने अपने सोने के जेवरात पेंडल, मंगलसूत्र, अंगूठियां, कुंडल आदि बक्से में रखकर ताला लगाया था 16 फरवरी 2026 को भाई की शादी में जाने के लिए अपने जेवरात निकालने चाहे तो वे गायब थे। आगे बताया कि 1 सितंबर 2025 से उनके मकान के ऊपरी मंजिल में किराएदार प्रशांत कुमार पुत्र राम कैलाश, उनकी पत्नी शिवानी निवासी खड़नी जनपद कन्नौज रह रहे थे। 12 जनवरी 2026 को अचानक उन्होंने मकान खाली कर दिया। अपने घर से गाड़ी बुलाकर सामान भरकर निकल आए थे। इसलिए उनको शक है उपरोक्त लोगों ने ही जेवरात चोरी किए हैं। हाथरस पुलिस ने मामला पंजीकृत कराते हुए सोमवार दोपहर खड़नी पहुंचकर प्रशांत के पिता राम कैलाश को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।

# छुट्टियों में हो रही बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्रों की निगरानी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला कंट्रोल रूम में लग रही शिफ्ट में ड्यूटी डीआईओएस भी सक्रिय
- सीसीटीवी कैमरों के जरिए प्रयागराज से जुड़ा है कंट्रोल रूम व परीक्षा केंद्र



अवकाश वाले दिन जिला कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों की निगरानी करते डीआईओएस पप्पू सरोज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इन दिनों होली की छुट्टियां चल रहीं हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग से जुड़े जिम्मेदार यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर अवकाश में भी सक्रिय हैं। इतना ही नहीं प्रयागराज से जिलेभर के सभी 96 परीक्षा केंद्रों व कंट्रोल रूम की निगरानी की जा रही है। डीआईओएस भी हर रोज नजर बनाए हुए हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने बताया कि कार्यालय में जिला कंट्रोल रूम बना है जहां अनुदेशक व शिक्षकों के साथ ही कर्मचारियों की चरणवार ड्यूटी लग रही है। परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिहाज से 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे व उनके जरिए निगरानी चल रही है।

अवकाश के बाद भी डीआईओएस ने रविवार व सोमवार को कंट्रोल रूम पहुंचकर पेपरों व उत्तरपुस्तिकाओं की सुरक्षा व हकीकत परखी। बताया जा रहा है कि होली को लेकर निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने सभी जिलों के डीआईओएस को निर्देश दिए हैं कि सुरक्षा में चूक नहीं होनी चाहिए। कहा जा रहा है कि इसी के चलते जिला विद्यालय निरीक्षक त्योहार मनाने घर भी नहीं जा पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रश्न पत्रों, उत्तरपुस्तिकाओं, संकलन केंद्र आदि की सुरक्षा बराबर हो रही है। जनपद के साथ ही लखनऊ व प्रयागराज से भी निगरानी चल रही है।

## पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए हो रहे आवेदन 30 अप्रैल अंतिम तिथि

**कन्नौज।** जनपद में तीन राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हैं। प्रवेश परीक्षा में पास होने पर एडमीशन दिया जाता है। 30 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन होंगे।

वर्ष 2025-26 में पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए इच्छुक युवक- युवतियां ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन 15 जनवरी से 30 अप्रैल तक होंगे। सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 300 रुपये एवं अनु., जनजाति के लिए 200 रुपये शुल्क निर्धारित है। छिबरामऊ के तालग्राम इलाके के गांव कुशलपुर्वा में पॉलिटेक्निक को पीपीपी मॉडल की तर्ज पर पहली बार संचालित किया जा रहा है। इसमें चार ट्रेडों में 300 बच्चों को प्रवेश होगा। तिर्वा में सिविल, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिकल में 225 और अनौगी के कांशीराम में फूड टेक्नोलॉजी, सिविल इंजी समेत तीन ट्रेडों में भी 225 सीटें हैं।

# जनपद में लगाया जाएगा मल-कीचड़ उपचार संयंत्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पायलट प्रोजेक्ट के तहत होगा गांव का चयन

**अमृत विचार।** पायलट प्रोजेक्ट के तहत जनपद की किसी एक ग्राम पंचायत में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) स्थापित किया जाएगा। यह मल कीचड़ उपचार संयंत्र है। मल व जल का शोधन करके खाद व फसल सिंचाई में इसका प्रयोग होगा। बताया जा रहा है कि जमीन की तलाश चल रही है। एफएसटीपी लगने के बाद से गांव में सफाई के साथ ही सेप्टिक टैंक खाली कराने में समस्या नहीं होगी।

कन्नौज जनपद में आठ विकास खंड व 499 ग्राम पंचायतें हैं। एफएसटीपी का निर्माण स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत कराया जाएगा। बताया जा रहा है कि विकास खंड जलालाबाद इलाके के गांव तिलपई डिगसरा में जमीन देखी गई थी। निर्धारित मानक के तहत भूमि कम होने के चलते अब किसी अन्य ग्राम पंचायत में जमीन तलाशी जा रही है। डीपीआरओ कार्यालय के मुताबिक 03 हजार से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायत में प्लांट का निर्माण कराया जाएगा। प्लांट लगाने के लिए पंचायती राज विभाग और राजस्व विभाग संयुक्त रूप से जमीन की खोल में लगा है। आबादी से करीब 250 से 500 मीटर दूरी पर प्लांट का निर्माण होगा, ताकि लोगों को दिक्कतें न हो सकें। कहा जा रहा है कि दुर्गंध, ध्वनि तथा संक्रमण की समस्या के चलते इसे घनी आबादी से दूर बनाया जाएगा। फीकल स्लम ट्रीटमेंट प्लांट को चलाने के लिए 30 किलोवाट बिजली और 05 हजार लीटर पानी की जरूरत होगी। जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र प्रकाश ने बताया कि जमीन मिलने के बाद जल्द ही इसका निर्माण होगा।

# अलग-अलग हादसों में दो युवकों की थम गईं सांसें

## कन्नौज में तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलटने से दबकर गई जान, तिर्वा में बाइक में टेंपो ने मारी टक्कर, विधिक कार्रवाई शुरू

कार्यालय संवाददाता कन्नौज/तिर्वा


जिला अस्पताल की मोर्चरी में मौजूद परिजन व जांच करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कन्नौज व तिर्वा कोतवाली क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। कन्नौज की घटना में कोल्डस्टोरेज में आलू डालकर लौटते समय ट्रैक्टर पलट गया जबकि तिर्वा में रविवार देर रात बाइक व टेंपो की आमने सामने भिड़ंत हुई। कन्नौज के हादसे में परिजनों ने किसी भी तरह की कार्रवाई करने से इंकार किया। पुलिस ने पंचायतनामा भर कर शव परिजनों को सौंप दिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव टीकापुर्वा निवासी अचल राजपूत (24) पुत्र मोहन लाल राजपूत गांव के ही ट्रैक्टर पर बैठ कर कोल्ड स्टोरेज में रविवार की देर रात आलू डालने गया था। वह ट्रैक्टर के इंजन पर बैठा था। जैसे ही ट्रैक्टर गांव के निकट पहुंचा उसी समय मवेशी को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर पलट कर खड्ड में जा गिरा। इससे अचल उसके नीचे दब गया। शोर मचाने पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह ट्रैक्टर को सीधा कर उसे बाहर निकाला। गंभीर हालत में परिजन अचल को लेकर रात 1:15 बजे जिला अस्पताल पहुंचे। जहां मौजूद इमरजेंसी के डाक्टर ने जांच के बाद मौत की पुष्टि की। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। डाक्टर ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। सुबह होने पर जिला अस्पताल से मेमो भेज कर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस जिला अस्पताल पुलिस और परिजनों से बात कर आगे की कार्रवाई की तैयारी की। परिजनों ने कहा कि वह ट्रैक्टर के चालक पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं करना चाहते हैं। न ही शव का पोस्टमार्टम कराना चाहते हैं। इस पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि मृतक की शादी हो गई थी। उसके एक छोटी सी पुत्री है।

तिर्वा संवाददाता के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के सौसरी निवासी चंदन (26) पुत्र सन्तराम अपने साढ़ू के घर सत्तार गया था। रविवार देर रात वह बाइक से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह आगरा लखनऊ-एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड पर पट्टी के सामने पहुंचा, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार टेंपो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चंदन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही ठठिया पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को एम्बुलेंस की मदद से तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। बेटे की मौत की सूचना सुनते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

मृतक अपने पीछे पत्नी शोभा देवी और 16 माह की मासूम पुत्री सौम्या देवी को छोड़ गया है। पति की असमय मौत से पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सुबह ठठिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी देवेश कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में पति-पत्नी और दो बच्चे गंभीर घायल

**छिबरामऊ।** एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा जीटी रोड स्थित लता कोल्ड स्टोर के पास हुआ। ग्राम खजुरिया निवासी अनरुद्ध अपनी पत्नी रूमा, पुत्री आरुषि और पुत्र आरव के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी ससुराल तुलसीपुर जा रहे थे। वे त्योहार पर 'पवनी' उठाने जा रहे थे। तभी जीटी रोड पर रॉन्ग साइड से आ रहे आलू लदे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार चारों लोग सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अपनी गाड़ी से 100 शैय्या अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद, घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने अनरुद्ध, उनकी पत्नी और दोनों बच्चों को बेहतर इलाज के लिए तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है।

## गेहूं आने में देर, 55 किसानों का रजिस्ट्रेशन

**कन्नौज।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शासन से गेहूं का न्यूनतम समर्थन 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। प्रति क्विंटल 20 रुपये उतराई, छनाई भी दी जायेगी। गेहूं क्रय के लिए खाद्य विभाग के 09, पीसीएफ के 23 तथा भारतीय खाद्य निगम के 03 केन्द्र बनाये गये हैं। इन में ब्लाक स्तर पर कन्नौज में 05, जलालाबाद में 01, गुगरापुर में 01, उमर्दा में 10, हसेरन में 04, सौरिख में 08, छिबरामऊ में 05 तथा तालग्राम में 04 क्रय केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त खाद्य विभाग के 06 गेहूं क्रय केन्द्र अनुमोदन के लिये प्रस्तावित हैं। किसानों की सुविधा के लिए जनपद की प्रत्येक तहसील में एक-एक मोबाइल क्रय केन्द्र भी स्थापित किया गया है। जनपद में गेहूं की औसत उत्पादकता 54.68 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। गेहूं विक्रय करने वाले किसानों का भुगतान आधार से लिंक बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से 24 घंटे के अंदर कर दिया जाएगा। गेहूं खरीद से संबंधित किसी भी समस्या की स्थिति में किसान जिला खाद्य विपणन अधिकारी कन्नौज के मोबाइल नंबर 9956199399 पर संपर्क कर सकते हैं।

## छाए होली के रंग


देर रात होलिका दहन चला लेकिन आज होली नहीं खेली जाएगी। सोमवार को मकरंदनगर तिराहे पर और भी दुकानें रंग-पिचकारी की सज गईं। हर दुकान पर तरह-तरह की पिचकारियां ग्राहकों को लुभा रहीं हैं। वहीं बात रंगों की करें तो सेहते प्रति फिक्रमंद लोग हर्बल रंग से ही होली खेलेंगे, सो दुकानदारों ने इनका भी पर्याप्त स्टॉक करके रखा। इसी तरह से बच्चों को लुभाने के लिए तरह-तरह के मुखौटे और बालों की रंगबिरंगी विगें भी बिक्री को तैयार हैं। सोमवार तक तो बाजार की रौनक कुछ खास नहीं रही लेकिन आज यानी मंगलवार को चहलपहल के साथ ही बिक्री में भी गति आने की संभावना है। • अमृत विचार

# कवायदें हुई तमाम, छुट्टा गोवंश पर नहीं कोई लगाम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सड़कों पर विचरण करते ये पशु बन जाते हैं दुर्घटना का कारण


सड़क किनारे पड़े कूड़े में भोजन खोजते छुट्टा गोवंश। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कई साल से जिले समेत प्रदेश भर में छुट्टा गोवंश की समस्या चली आ रही है। सरकार की ओर से इसे गंभीरता से लेकर निदान की तमाम कोशिशें भी की जा रहीं है। इसके बाद भी इनके आतंक से छुटकारा मिलता नहीं दिखता। सड़क पर इनका स्वच्छंद विचरण यातायात को बाधित करने के साथ ही दुर्घटनाओं का कारण भी बनता है। ये स्थितियां तब हैं जब कि पिछले काफी दिनों से इनको पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है।

छुट्टा यानी अन्ना गोवंश की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। प्रदेशव्यापी इस समस्या के कारण किसानों की फसल सुरक्षित है न ही सड़क पर चलने वाले दोपहिया वाहन सवारों या राहगीरों की जान। बात अगर केवल कन्नौज नगर पालिका क्षेत्र की करें तो किसी भी सड़क पर निकल जाएं, छुट्टा गाय या बैल सामने पड़ ही जाएंगे। कभी कभी तो यह बीच सड़क पर ही आराम फरमाने लगते हैं जिससे बड़े वाहनों को भी बचकर निकलने की कोशिश करते देखा जा सकता है। भोजन की तलाश में भटकते ये जानवर किसी के सामने आने पर हमलावर भी हो जाते हैं।

शहर में जीटी रोड मकरंदनगर, मकरंदनगर से कन्नौज को जाने वाली सड़क, लाखन तिराहा से ग्वालमैदान को जाने वाली सड़क, ग्वालमैदान से तिर्वा क्रासिंग को जाने वाली सड़कों समेत लगभग सभी का यही हाल है। यह स्थितियां तब हैं जबकि निकाय के जिम्मेदारों की ओर से लगातार इनको पकड़ने की कार्यवाही की जा रही है। जिले में तमाम गोशालाएं संचालित हैं जिनको सरकारी मद से व्यवस्थाओं का पैसा दिया जा रहा है। सड़क के अलावा अन्ना जानवरों का आतंक किसानों की फसल के लिए भी काल बना है। इस संबंध में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी का कहना है कि लगातार पशुओं को पकड़ा जा रहा है। समस्या यह है कि तमाम लोग दिन और रात के समय गायों को चरने के लिए छोड़ देते हैं और फिर दूध के समय बांध लेते हैं। हालत यह है कि इधर गोवंश पकड़कर गोशाला भेजे जाते हैं उधर फिर लोग और गोवंश छोड़ देते हैं।

**सजा बाजार** — महंगाई के बाद भी लोगों में दिखा त्योहार का उत्साह, बाजारों में सजी रंग व पिचकारी की दुकानों पर लगी भीड़

# बाजार में पकवानों के साथ बिखरी रंगों की खुशबू

संवाददाता,गुरसहायगंज, कन्नौज




फुटपाथ पर लगी रंगबिरंगी कचरी की दुकान। रंग व पिचकारी की सजी दुकान। तिर्वा में होली की पूजा करतीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** होली के त्योहार को लेकर दुकानदारों ने मोटी रकम लगाकर दुकानें सजाई। नगर सहित ग्रामीणांचलों से आए लोगों ने बाजार में आवश्यक वस्तुऐं आदि की खरीददारी की। लेकिन महंगाई की मार का लोगों पर खासा असर दिखा। इतना जरूर है कि मिलावटखोरों ने जमकर चांदी काटी। उधर पुलिस प्रशासन ने भी व्यवस्था को सुदृढ़ कर चप्पे चप्पे पर नजर बनाएं रखी।

सोमवार को बाजार के दिन त्योहार के पहले नगर में सजी परचून, रंगों, कपडों, फुटवियर की दुकानों पर ग्राहकों का सैलाव उमड़ता दिखा और नगर सहित क्षेत्र के कई ग्रामों से आए महिला-पुरूषों ने जमकर खरीददारी की। हालांकि सामर्थ के अनुसार लोगों ने बाजार में कपडे, रंगों व परचून की खरदारी की। उधर होली में बनने वाली गुजिया पर मिलावट का खतरा भी मडराता दिखा। क्योकि बाजार में बिकने आया खोवा सैंथेटिक पदार्थो की मिलावट था। साथ ही तेल में भी मिलावटखोरों ने कोई कसर बांकी नहीं छोड़ी। क्योकि होली के त्योहार पर खोए की खपत सबसे अधिक होती है। हालत यह है कि त्योहार पर इस मिलावटी खोए व दूध की मांग ज्यादा हो रही है। जिससे निर्मित पकवान लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करेंगे। रंग खेलने में रूचि रखने वालों में पर्व को लेकर उत्साह है। इससे बाजार भी पूरी तरह रंग पिचकारी, कचरी, पापड़ की दुकानों से सजा है। रेडिमेड कपड़ा और अन्य पकवानों की दुकानें भी भिन्न-भिन्न वैरायटी से भरी हुई हैं। मंहगाई और आधुनिकता के आगे होली पर्व की परम्पराओं से जुड़ी वस्तुओं की ब्रिकी नाम मात्र हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि लाखों रूपये का माल भर लिया है। लेकिन दुकानदारी कम हुई है। बाजार में रेडिमेड गुजिया, पापड़, चिप्स, सेव, कचरी आदि नमकीन मौजूद है। जबकि कभी यह सभी पकवान घरों में ही बनाएं जाते थे। लेकिन समय और मेहनत से बचने के लिए लोग होली के पकवानों को रेडिमेड खरीद रहे है।

### नमकीन बिगाड़ सकती आपकी सेहत

**गुरसहायगंज।** होली में व्यवसायिक वर्ग मुनाफे का त्योहार बनाने में जुटा है। मिठाईयों के साथ ही नमकीन से भी सेहत को नुकसान पहुंचाने की तैयारी है। बेसन की जगह पीले रंग में रंग कर नुकसानदेह पदार्थों से बनी चीजें बाजारों में परोसी जा रही है। चालाक दुकानदार नमकीन व्यंजनों के नाम पर जमकर मिलावटी सामान बेंच रहे हैं। जानकारों की माने तो ऐसी नमकीन में मिला बेसन ही नकली होता है। यह बेसन होता तो बेसन ही है। लेकिन चने का नहीं बल्कि एक निम्न किस्म की दाल चपरी का। कई जगह इसे अरहर की दाल के रूप में भी बेंचा जा रहा है।

### नगर व क्षेत्र में सजे होलिका दहन स्थल

**गुरसहायगंज।** होली पर्व को लेकर आयोजकों के द्वारा नगर व क्षेत्र में होलिका दहन स्थलों को फूलमाला व सजावट की सामग्री से सजाया गया। स्थलों पर भारी मात्रा में लकड़ी व उपले डलवाये गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने देर रात तक होलिका माता की पूजा अर्चना की। सोमवार देर रात दहन हुआ।

# होली पर नशे में हंगामा किया तो पुलिस करेगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दो से अधिक लोगों को बैठा कर बाइक चलाई तो काटा जायेगा चालान
- एसपी ने होली पर्व को शांति से मनाए जाने को लेकर जारी किये निर्देश

**अमृत विचार।** शराब के नशे में हंगामा किया या बाइक से फर्राटा भरा तो पुलिस कार्रवाई करेगी। होली पर्व को लेकर एसपी ने इस संबंध में अधीनस्थों को निर्देश जारी कर दिए हैं। जगह-जगह पुलिस लगे।

होली पर्व पर शराब के नशे में हंगामा करना लोगों को महंगा पड़ सकता है। इसको लेकर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने सभी थानों में पुलिस को निर्देश दिये हैं। कहा कि सौहार्द खराब करने वाले को किसी कीमत पर बख्शा न जाये। इसी तरह शराब के नशे में कई लोगों को बाइक पर बैठा कर चलाने वालों पर भी कार्रवाई की जाये। इस के लिये उन्होंने पुलिस व यातायात पुलिस को मुख्य मार्गों पर मुस्तैद रहने के निर्देश दिये हैं। इसके अलावा प्रमुख चौराहों पर लगाये गये कैमरों को भी चेक कर इस तरह के लोगों के वाहनों के चालान काटे जाये। इसी तरह उन्होंने कहा कि बंदी के दिन शराब की बिक्री पर पूरी तरह से रोक रहेगी। यदि किसी स्थान पर शराब बिक्री होने की सूचना मिले तो पुलिस तत्काल पहुंच कर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जबरन किसी को रंग न लगाएं। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इसके लिये भी पुलिस को सक्रिय किया गया है। त्योहार पर पुलिस किसी को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं देगी। किसी तरह की घटना या दुर्घटना होने पर पुलिस को सूचना दें, जिससे पुलिस मौके पर पहुंच कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करे।

न्यूज ब्रीफ

### सियार के हमले से बालिका और वृद्धा गंभीर घायल

**कायमगंज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के पट्टी मजरा लालपुर गांव में सियार के हमले से सोमवार को एक वृद्धा और एक बच्ची घायल हो गईं। घटना उस समय हुई जब 7 वर्षीय राधिका अपने पिता प्रवेश कुमार और अन्य लोगों के साथ खेत पर मौजूद थी। घायल बच्ची की पहचान राधिका (7) और वृद्धा की पहचान संसारवती (75) पत्नी मिश्रीलाल के रूप में हुई है। प्रवेश कुमार अपनी तंबाकू की फसल में पानी लगा रहे थे। तभी तंबाकू की फसल से अचानक एक सियार निकला और उसने राधिका व उसकी दादी संसारवती पर हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। हमले के दौरान चीख-पुकार मचने पर प्रवेश कुमार और गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। लोगों को आता देख सियार वहां से भाग गया। परिजनों ने आनन-फानन में दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज पहुंचाया। घायल बच्ची के पिता प्रवेश कुमार ने बताया कि लाठी-डंडा लेकर तमाम लोग मौके पर पहुंचे, तब तक से सियार मौके से फरार हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. अमरेश कुमार ने राधिका और संसारवती का उपचार किया। डॉ. अमरेश कुमार ने बताया कि दोनों घायलों को बेहतर उपचार दिया गया है।

### रोडवेज बस की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से घायल

**फर्रुखाबाद।** जनपद हरदोई के थाना तड़ियामा क्षेत्र के गांव तेलियानी निवासी राम लखन अपने साथी देवेंद्र के साथ चार दिन पहले मथुरा गए थे। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे वे बाइक से अपने गांव वापस लौट रहे थे। शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव रजलामई स्थित एक कॉलेज के सामने एटा डिपो की एक रोडवेज बस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने बस को आगे से बाइक लगाकर रोक लिया और रोडवेज चालक को घेर लिया।

# नोटिस के बाद काम में तेजी सदर विधानसभा क्षेत्र आगे

## निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने 22 एईआरओ से मांगा था जवाब

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एसआईआर के तहत अब जिले में सुनवाई का औसत 93.42 फीसदी पहुंचा

**अमृत विचार।** विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण यानि एसआईआर अभियान की गति तेज हो गई है। अब जिले का सुनवाई करने का प्रतिशत 93.42 फीसदी हो गया है। सदर विधानसभा इलाके का काम पिछड़ने पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ एसडीएम सदर वैशाली ने 22 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। अब तीनों क्षेत्रों में सदर कन्नौज आगे, छिबरामऊ का दूसरा व तिर्वा का तीसरा नंबर आया है।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि दो मार्च तक नो मैपिंग व तार्किक विसंगति में नोटिस जारी किए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र छिबरामऊ के कुल नोटिस 90,727 के सापेक्ष 89,689 वितरित हुए और 84474 की सुनवाई हो गई है। तिर्वा इलाके में 69205 नोटिस में 69337 का वितरण कर दिया गया है और 63171 का वितरण कर दिया गया है। कन्नौज सदर क्षेत्र में 89923 नोटिस के सापेक्ष 89312 नोटिस बांट दिए गए हैं और 85778 का सुनवाई हो गई है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि छिबरामऊ में वितरण प्रतिशत 98.86, तिर्वा में 98.75 और कन्नौज में 99.32 है।


सदर तहसील की छवि धूमिल हुई, 22 एईआरओ को नोटिस

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने अफसरों को दो दिन में स्पष्टीकरण देने को कहा

इन अफसरों से मांगा गया स्पष्टीकरण

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

**27** मार्च तक होगी नोटिसों पर सुनवाई

इसी तरह सुनवाई में क्रमशः 93.11 फीसदी, 91.28 और 95.37 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि 27 मार्च तक नोटिस की सुनवाई होनी है। इसको लेकर जरूरी अभिलेख बीएलओ व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 27 तारीख तक उपलब्ध करा दिए जाएं। दूसरी ओर अब तक जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों से फार्म छह 48396, फार्म सात 1913 और फार्म आठ 10480 आए हैं। सभी नागरिकों व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से कहा गया है कि आयोग की ओर से दावे व आपत्ति के लिए छह मार्च अंतिम तारीख निर्धारित की गई है।

### बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर रोक

**कन्नौज।** हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं को लेकर अवकाश में भी प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने बताया कि 01 से 04 मार्च 2026 तक होली के अवकाश के दौरान परीक्षा कार्य में लगे कोई भी अफसर या कर्मचारी बिना लिखित अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।

आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। आदेश में स्पष्ट किया है कि प्रश्नपत्रों की गोपनीयता और सुरक्षा व परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम की 24 घंटे निगरानी चलेगी। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर केंद्र व्यवस्थापक और संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होगी। अवकाश में औचक निरीक्षण किया जाएगा। जिसमें कैमरा और सुरक्षा कर्मियों की उपस्थिति की जांच होगी। आपातकाल और तत्काल समन्वय के लिए सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने मोबाइल 24 घंटे सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी कर्मचारी से संपर्क नहीं हो पाता है तो इसे कार्य के प्रति लापरवाही माना जाएगा।


होली खेलने के बाद उत्साहित मुद्रा में रंगों से सराबोर छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# रंगों से सराबोर होकर मनाई होली

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

- सामाजिक एकता का संदेश देता होली का पर्व : अमित यादव

**अमृत विचार।** तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में छात्र, छात्राओं ने विद्यालय के शिक्षकों के साथ होली का त्योहार धूमधाम से मनाया। इस दौरान नन्हें मुन्ने बच्चों ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाकर पर्व का आनंद लिया।

सोमवार को होली पर्व के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने छात्र, छात्राओं को बताया कि होली पर्व को भारतीय संस्कृति के अनुसार मनाना चाहिए। हर त्योहार में एक संदेश होता है। इस त्योहार पर अपने मन से एक दूसरे के प्रति द्वेष मिटा कर आपसी प्रेम बढ़ाने तथा भाईचारा निभाने का प्रयास करें।

होली जैसे पवित्र त्योहार को अश्लीलता एवं फूहड़पन से बचाकर इसकी पवित्रता को बनाए रखें। होली पर्व हमें समाज में एकता का संदेश देता है। इस पर्व पर हम आपसी वैमनस्यता को त्याग कर एक दूसरे से गले मिलें। इसके बाद विद्यालय के छात्र, छात्राओं ने एक दूसरे के जमकर रंग लगाया। इस दौरान शिक्षक विकास कुमार, ओमेन्द्र सिंह, सरनाम सिंह, मनीष शर्मा, रंजीत कुमार, संदीप कुमार, वीरेन्द्र सिंह, संजीव कुमार, रिषभ तिवारी, अमन यादव, आशीष कुमार, सचिन कुमार, अमन कश्यप, धीरेन्द्र कुमार, स्वाति, सौम्या, श्रुति, सुजाता, जूही, मुस्कान, ज्योति, संजू, छाया, अनामिका, रागिनी आदि मौजूद रहे।

# नियमों की उलझन, कैसे लें गांव में बिजली कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** नियमों के फेर में फसे सैकड़ों बिजली उपभोक्ताओं को बिजली का घरेलू कनेक्शन नहीं मिल रहा। विभाग पोल लगा कर कनेक्शन देने के लिये हजारों रुपये का स्टीमेट तैयार कर रहा है।

बिजली विभाग के फेर में घर का नया कनेक्शन लेने वाले आवेदक फस रहे हैं। कई बार ऑनलाइन आवेदन भी निरस्त कर दिया जाता है। अब नये नियम में विभाग कनेक्शन देने में पेंच फसा रहा है। इससे आवेदक परेशान हैं। बताया जाता है कि जिस बिजली पोल से घर का कनेक्शन लेना है उस स्थान की

**60** फीट से अधिक दूरी तो हजारों का स्टीमेट

जांच लाइनमैन से कराई जाती है। यदि 60 फुट से अधिक दूरी हुई तो लाइनमैन इस की जानकारी अवर अभियंता को देता है। इस पर जेई एक पोल का स्टीमेट तैयार करता है। एक पोल की कीमत करीब 15 से 20 हजार रुपये होती है। इतनी अधिक धनराशि गांव का गरीब व्यक्ति नहीं जमा कर पाता है। इससे उसका आवेदन निरस्त कर दिया जाता है। बार-बार आवेदन निरस्त होने से परेशान आवेदक कटिया डाल कर बिजली चोरी करने लगता है। इसी तरह पोल से 100 फुट की दूरी होने पर इससे भी अधिक रुपये का स्टीमेट बनाया जाता है। जो आवेदक जमा नहीं कर सकता है। इसी तरह के मामले जिले के अधिकतर गांव में हैं पर विभाग उनको कनेक्शन नहीं दे रहा है। खास बात तो यह है कि पुराने कनेक्शन इससे भी अधिक दूरी पर दिये जा चुके हैं। इस संबंध में एक्सईएन मगन सिंह का कहना है कि पहले की तुलना में अब नियम बदल गये हैं। 60 फुट से कम दूरी होने पर ही कनेक्शन दिया जा सकता है। इससे दूरी अधिक होने पर पोल लगाकर लाइन खीचने के बाद ही कनेक्शन दिये जाने का आदेश हैं।

# टूटी पाइप लाइन से बर्बाद हो रहा पानी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** तिर्वा क्रासिंग के निकट कन्नौज रोड पर महीनों से टूटी पानी लाइन से हजारों लीटर पानी बह रहा है। इससे घरों में पानी पहुंचने में दिक्कत हो रही है। शिकायत के बाद भी नगर पालिका टूटी पाइप लाइन को ठीक नहीं करा रही है।

शहर के सरायमीरा तिर्वा क्रासिंग कन्नौज रोड पर बीते दो माह से टूटी पाइप लाइन से पूरे दिन पीने का पानी बहता रहता है। इससे हजारों लीटर पानी बरबाद हो रहा है। पाइप लाइन टूटी होने से स्थानीय लोगों के घरों में पानी पहुंचने में दिक्कत हो रही है। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने नगर


तिर्वा क्रासिंग कन्नौज रोड पर टूटी पाइप लाइन से निकलता पानी। अमृत विचार

पालिका में पहुंच कर शिकायत की पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। सड़क के निकट पूरे दिन निकलते पानी से गड्ढा हो गया है। इस गड्ढे में फसकर ई-रिक्शा पलट रहे हैं। इससे कई यात्री चुटहिल हो चुके

- मेन रोड पर बह रहे पानी की ओर से नगर पालिका के जिम्मेदार बेखबर

हैं। ओवरब्रिज के सर्विस रोड पर टूटी इस पाइप लाइन के चलते सड़क से निकलने वाले वाहन के चालक भी परेशान हो रहे हैं। जगह का अभाव होने से यहां पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। यही नहीं शहर के अन्य मोहल्लों में भी इसी तरह की टूटी पाइप लाइनों से पूरे दिन पानी बहता रहता है। कुछ स्थानों पर नगर पालिका के कर्मचारी पहुंच कर ठीक भी करते रहते हैं पर इस तिर्वा क्रासिंग की समस्या का निदान नहीं किया जा सका है। आसपास रहने वालों ने पालिका के जिम्मेदारों से समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# नए वित्तीय वर्ष में शुरू होगा तीन पुलों का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** होली के अवसर पर ठंडी सड़क स्थित आवास पर आयोजित होली मिलन एवं प्रेस वार्ता में सांसद मुकेश राजपूत ने जिले के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

सांसद ने बताया कि उनकी सरकार ने जनपद को तीन बड़े पुल और कई पुलियों के निर्माण के लिए लगभग हजार करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है। उन्होंने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष शुरू होते ही इन परियोजनाओं पर कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा। सांसद ने जानकारी दी कि देवरामपुर रेलवे ओवरब्रिज के लिए केंद्र सरकार से स्वीकृति दिला दी गई है, जिसका शीघ्र ही शिलान्यास किया जाएगा। इसके अलावा कायमगंज रेलवे स्टेशन के निकट एक अन्य पुल का प्रस्ताव भी भेजा गया है, जिसे जल्द हरी झंडी मिलने की उम्मीद है।

प्रेस वार्ता में सांसद ने अपनी


पत्रकारों से वार्ता करते सांसद मुकेश राजपूत। अमृत विचार

- सांसद मुकेश राजपूत ने कहा तीन पुल व कई पुलियों के लिए हजार करोड़ का बजट

संपत्तियों को लेकर भी स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा कि उनकी जो संपत्तियां पूर्व से हैं, उनकी कीमतें समय के साथ बढ़ी हैं, लेकिन उन्होंने कोई नई संपत्ति अर्जित नहीं की है।

उन्होंने दावा किया कि राजनीति में उन्होंने सदैव सादगी और ईमानदारी का परिचय दिया है, जिस कारण सभी वर्ग और धर्म के लोग उनके साथ हैं और वह लगातार तीसरी बार सांसद चुने गए हैं।

होली पर्व के मद्देनजर सांसद ने जिला प्रशासन से अपील की कि त्योहार के दौरान चेकिंग के नाम पर आम जनता को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना जरूरी है, लेकिन आमजन को सम्मानपूर्वक व्यवहार मिलना चाहिए।कार्यक्रम के अंत में सांसद ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं और जिले के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का भरोसा दिलाया।

# सड़क हादसों में दो लोगों की गई जान, महिला घायल

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कस्बा मोहम्मदाबाद के आजाद नगर निवासी स्व. वदन सिंह के 19 वर्षीय पुत्र अमित की बीती रात सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, अमित संकिसा रोड स्थित बाजार से खरीदारी कर घर लौट रहा था। इसी दौरान बाजार क्षेत्र में पीछे से आ रहे एक ट्रैक्टर से उसकी टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे निजी वाहन से एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर और उसके


अमित।

- बाजार से लौटते समय ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं ट्रैक्टर चालक उपेंद्र कुमार पुत्र काशीराम, निवासी नगला मोती, ने बताया कि वह फर्रुखाबाद स्थित तिरुपति कोल्ड स्टोरेज से आलू उतारकर वापस लौट रहा था। उसका कहना है कि बाजार क्षेत्र में एक अज्ञात कार द्वारा टक्कर मारे जाने से अमित ट्रैक्टर पर गिर गया, जिससे यह हादसा हुआ। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### भाऊपुर चौरासी में बाइक की टक्कर से महिला जख्मी

**अमृतपुर।** राजेपुर थाना क्षेत्र स्थित भाऊपुर चौरासी के पास शराब के नशे में धुत एक बाइक सवार ने दूसरी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक महिला घायल हो गई, जिसे तत्काल अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार, हर्षित पुत्र लालू सिंह (निवासी ग्राम रमपुरा, थाना अमृतपुर, जिला फर्रुखाबाद) अपनी मोटरसाइकिल से गीता देवी (44) पत्नी उदयवीर निवासी ग्राम रमपुरा, थाना अमृतपुर, जिला फर्रुखाबाद को लेकर फर्रुखाबाद जा रहे थे। इसी दौरान उनके पीछे मोटरसाइकिल का चालक टुन्नी पुत्र राम सेवक निवासी ग्राम नगला हुंसा, थाना अमृतपुर, जिला फर्रुखाबाद आ रहा था। बताया जा रहा है कि चालक शराब के नशे में था। चालक टुन्नी ने आगे जा रही मोटरसाइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। इस टक्कर से मोटरसाइकिल पर बैठी श्रीमती गीता देवी घायल हो गईं। घायल महिला को मौके से एक निजी वाहन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) राजेपुर भेजा गया। पुलिस ने आरोपी चालक टुन्नी को हिरासत में ले लिया है और उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है। राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कासगंज जनपद के थाना सुन्न गढी निवासी रूही (25) पत्नी साहिल सोमवार सुबह अपने पिता बबलू कुरैशी के साथ बाइक से दवा लेने कायमगंज आ रहीं थीं, तभी कायमगंज रेलवे स्टेशन के निकट पीछे से आ रहे ट्रक ने ओवर टेक करते समय बाइक ट्रक से टकराकर अनियंत्रित हो गई। जिससे पीछे बैठीं महिला रूही उछलकर सड़क पर गिर गई और ट्रक का पहिया उसके ऊपर से निकल गया और उसका सिर कुचल गया जिससे घटनास्थल पर ही महिला की दर्दनाक मौत हो गई। काफी देर तक शव वहां पड़ा रहा, लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर आधा घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज भेजा वहीं परिजनों का कहना है कि पुलिस काफी देर से आई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।महिला दो बेटियां माहेनूर (2) व एक 6 माह की बच्ची है।मृतक के पिता बबलू पटियाली में अपनी ससुराल रहते हैं। लेकिन वह कायमगंज नगर के मोहल्ला चिलांका के रहने वाले हैं वह अपनी बेटी को दवा दिलाने के लिए पटियाली से कायमगंज आ रहे थे। वहीं महिला की अचानक मौत से परिवार सदमे में है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।


रूही।

कार्यक्रम

प्रतिमा स्थल के सामने लगे ट्रांसफार्मर को हटाने की डीएम से की मांग

# महादेवी वर्मा की जयंती पर किया नमन, अर्पित किए श्रद्धासुमन

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** छायावादी युग की प्रतिनिधि कवयित्री महादेवी वर्मा की जयंती के मौके पर नगर की प्रमुख साहित्यिक संस्था अभिव्यंजना के बैनर तले महादेवी वर्मा मार्ग (रेलवे रोड) स्थित प्रतिमा स्थल पर कार्यक्रम हुआ।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी समेत शहर के गणमान्य नागरिकों और साहित्यकारों ने प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर महादेवी प्रतिमा को माला अर्पित की। साथ ही यहां प्रतिमा स्थल के सामने रखें ट्रांसफार्मर को हटाने के लिए संस्था की ओर से संयुक्त ज्ञापन दिया गया। बता दें कि फर्रुखाबाद में महादेवी वर्मा की जयंती तिथि के अनुसार मनाई जाती है और आज ही के दिन अभिव्यंजना के


महादेवी वर्मा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करते डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी व अन्य।

विशेष प्रयासों से महादेवी वर्मा मार्ग पर मूर्ति की स्थापना अब से लगभग दो दशक पहले हुई थी तब से लगातार यहां कार्यक्रम हो रहा है। इसी क्रम में संस्था के वरिष्ठ सदस्य व्यापारी नेता संजय गर्ग के संयोजन एवं संस्था के समन्वयक भूपेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में माल्यार्पण कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ गजलकार नलिन श्रीवास्तव, कवि एवं मंच संचालक महेशपाल सिंह, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सदानंद शुक्ला वरिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष राजू गौतम, उपकारी, संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पांडेय, भारत विकास परिषद के प्रांतीय महामंत्री आलोक रायजादा, कवि एवं पत्रकार उपकार मणि उपकार, राजेश हजेला, निमिष टंडन, प्रखल दीक्षित, रवींद्र भदौरिया, वरिष्ठ व्यापारी विनय अग्रवाल, संजू शर्मा, नवीन मिश्रा नब्बू, आलोक मिश्रा, छोटू, राम शंकर अवस्थी अबोध, गणेश शंकर शुक्ला, भारती मिश्रा, अनुराग अग्रवाल, अनुराग पाण्डेय अनुभव सारस्वत, समेत अनेक सुधीजन मौजूद रहे।

### डीएम के आने से पहले हटाया गया कचरा

**फर्रुखाबाद।** पल्ला स्थित महादेवी वर्मा की प्रतिमा के निकट कूड़े का ढेर लगा हुआ था, जो जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के पहुंचने से महज दस मिनट पहले उठाया गया। इससे साहित्यकारों में रोष है। रेलवे रोड का मार्ग महादेवी वर्मा मार्ग कर जरूर दिया गया, लेकिन आज तक प्रचलन में रेलवे रोड ही है।


डीएम के आने से पूर्व प्रतिमा के पास लगा कचरे का ढेर।

### महादेवी की स्मृति में हुई गोष्ठी

**फर्रुखाबाद।** महादेवी स्मृति पीठ की ओर से डॉ. शिव अंबर के निवास पर कवयित्री की स्मृति में गोष्ठी हुई। इस अवसर पर लेखकों की पुस्तकों का लोकार्पण भी हुआ। वरिष्ठ आयकर अधिवक्ता राजन माहेश्वरी, ललिता माहेश्वरी, उत्कर्ष अग्निहोत्री, योगेश मिश्रा, बृज किशोर सिंह, राजीव मिश्रा, भूपेंद्र प्रताप सिंह, सुनील अवस्थी सहित अनेक साहित्यकार, समाजसेवी एवं पत्रकार उपस्थित रहे। काव्य गोष्ठी में महादेवी वर्मा की रचनाओं का पाठ किया गया। संचालन डॉ. शिव ओम अंबर ने किया। वक्ताओं ने कहा कि यदि समाज को सचमुच स्वच्छ, संवेदनशील बनाना है तो महादेवी वर्मा की विचारधारा को आत्मसात करना होगा।

# संवेदनशील इलाकों में किया मार्च

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शहर क्षेत्र में होली और रमजान व ईद के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शहर से लेकर गांवों तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

इसी क्रम में, सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस बल ने शहर के संवेदनशील और प्रमुख इलाकों में गश्त की। इसका उद्देश्य असामाजिक तत्वों पर नजर रखना और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना है। ट्रैफिक पुलिस ने भी होली और ईद के लिए सख्त सुरक्षा और सुचारू यातायात सुनिश्चित करने हेतु व्यापक इंतजाम किए हैं। पुलिस को मिश्रित और संवेदनशील स्थानों पर गश्त बढ़ाने तथा सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। होलिका दहन स्थलों का भी निरीक्षण किया गया है। पुलिस की टीमें लगातार रात में भी गश्त कर रही हैं, ताकि शहर में भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाया जा सके और लोग निर्भय होकर त्योहार मना सकें। शहर कोतवाली और थाना मऊदरवाज़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस ने पीस कमेटी की बैठकें आयोजित कीं। इन बैठकों में लाउडस्पीकर के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया और उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। जनता से मिल-जुलकर सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। डीजे संचालकों को रात दस बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्र पूरी तरह बंद रखने के निर्देश भी जारी किए गए हैं, ताकि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। इस मौके पर शहर कोतवाली प्रभारी दर्शन सिंह सोनकी, मऊदरवाज़ा थाना प्रभारी अजब सिंह, एसएसआई वीरेंद्र सिंह, एसआई पंकज कुमार, बीबीगंज चौकी इंचार्ज नितिन कुमार, एसआई इमरान फरीद आदि रहे।

# मार्ग दुर्घटना में पूर्व सैनिक की मौत

## हादसे के बाद वाहन चालक वाहन को लेकर भागने में रहा सफल, मचा कोहराम

संवाददाता बसरेहर इटावा

**अमृत विचार ।** चौबिया थाना क्षेत्र से निकलने वाले बरेली हाईवे मार्ग आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के नीचे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार रिटायर्ड फौजी की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक वाहन को लेकर भागने में सफल रहा। पुलिस वाहन की तलाश कर रही है।

बताया जा रहा है कि फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला पुरानी पीएसी गली के रहने वाले रिटायर्ड फौजी श्रीपाल 65 वर्ष पुत्र राम किशन अपने पैतृक गांव कुढरा थाना ऊसराहार जा रहे थे। जैसे ही वह चौबिया थाना क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के चौपला कट के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि श्रीपाल लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। इसकी सूचना क्षेत्रीय लोगों ने चौबिया थाना प्रभारी महेंद्र सिंह को दी। मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स ने क्षेत्रीय लोगों की मदद से घायल पड़े श्रीपाल को तुरंत 108 एंबुलेंस द्वारा इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। चौबिया पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। फौजी श्रीपाल की मृत्यु की खबर मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया है। चौबिया पुलिस उस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है। जिसने इस घटना को अंजाम दिया। उनकी मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया।


श्रीपाल।

### तेज रफ्तार टेम्पो की टक्कर से वृद्धा की गई जान

**चकरनगर।** कस्बा स्थित इंडेन गैस एजेंसी के पास लखना-सिंड़ौस रोड पर रविवार की देर शाम तेज रफ्तार टेम्पो की टक्कर से 65 वर्षीय वृद्धा की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। चकरनगर कस्बा स्थित मोहल्ला तकिया निवासी शाविरा बेगम पत्नी मन्ना अली चकरनगर चौराहा से पैदल अपने घर लौट रही थीं। जैसे ही वह इंडेन गैस एजेंसी के पास पहुंचीं, लखना की ओर से आ रहे तेज रफ्तार टेम्पो ने उन्हें सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह सड़क पर दूर जा गिरीं और उनके सिर व नाक में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा ने मानवता दिखाते हुए घायल वृद्धा को तत्काल अपनी सरकारी गाड़ी से सीएचसी राजपुर पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**चकरनगर।** थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत राहिन रोड पर बाइक चालक ने टक्कर मारकर एक युवक को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत विधूनी निवासी सोनू पुत्र लायक सिंह राहिन रोड पर जा रहा तभी बाइक ने टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### दो युवकों ने फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया

**इटावा।** थाना लवेदी और थाना बलरई क्षेत्र के अंतर्गत अलग अलग स्थानों पर दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया।

लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम बरौली निवासी मोहित ने बताया कि सोमवार की सुबह बन्टू राठौर का छोटे भाई शीलू से पानी भरने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि उसने गांव के बाहर ईट भट्टा की ईंट पाथ रहे पथेरों के अड्डे के पास एक पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर लटक गया। थानाध्यक्ष लवेदी प्रीती सेंगर ने बताया यह घटना उनके संज्ञान मे नहीं है।

वहीं थाना बलरई क्षेत्र के अंतर्गत विकास नगर निवासी संतोष 30 वर्ष पुत्र पूरन सिंह ने परिवार में किसी विवाद के चलते घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जब परिजनो ने देखा तो कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां पर उसका इलाज जारी है।

# 'सुदृढ़ अर्थव्यवस्था से ही विकसित होगा भारत'

संवाददताता जसवंतनगर इटावा

- चौ. सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आयोजन

**अमृत विचार ।** चौ. सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी (ऑटोनोमस संस्थान) के तत्वावधान में "विकसित भारत की ओर भारत का अभियान 2047 उपलब्धियां एवं चुनौतियां" विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का सफल समापन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) रोली मिश्रा, लखनऊ विश्वविद्यालय विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. विवेक कुमार द्विवेदी, प्राचार्य बीएनडी कॉलेज कानपुर एवं उपाध्यक्ष यूपी महाविद्यालय शिक्षक संघ, प्रो. अवधेश सिंह , जगदीश नारायण पुरवार, वीडी पाण्डेय (उपाध्यक्ष कूटा), प्रो. रिपुदमन सिंह , चौ0 सुघर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ. बृजेश चंद्र यादव, प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव, प्रो. राजेश किशोर त्रिपाठी , प्रो. पदमा त्रिपाठी, प्रो. रमा शंकर यादव , डॉ. महेंद्र सिंह (प्राचार्य केकेपीजी कॉलेज इटावा), प्रो. श्याम पाल सिंह (प्राचार्य राजकीय महिला महाविद्यालय इटावा), सेमिनार के आयोजक सचिव डॉ. संदीप पाण्डेय, अशांक हनी यादव एवं प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। सेमिनार में विभिन्न जनपदों से आए शोधार्थियों द्वारा 50 से अधिक शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) रोली मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि जब तक देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ नहीं होगी, तब तक 2047 के विकसित भारत का लक्ष्य पूर्ण नहीं हो सकता। उन्होंने आर्थिक आत्मनिर्भरता और शोध आधारित शिक्षा पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि प्रो. विवेक कुमार द्विवेदी ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### वृद्ध के गायब होने की गुमशुदगी दर्ज कराई

**बकेवर।** कस्बा लखना के इन्द्रा कालोनी से 60 वर्षीय वृद्ध बिना बताये घर से कहीं चले गए हैं। उनकी पुत्र वधू ने गुमशुदगी दर्ज करायी है। कस्बा लखना के इन्द्रा कॉलोनी निवासी पल्लवी मिश्रा ने बकेवर थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके 60 वर्षीय ससुर विनोद मिश्रा 22 फरवरी की सुबह घर से बिना बताये चले गए हैं। पास पड़ोस मुहाल तथा नाते रिस्तेदारों में खोजबीन की लेकिन उनका कोई भी पता नहीं चल सका । पुलिस ने शिकायती पत्र पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की।

### नारायण दिव्यांग सेवा संस्थान का होली मिलन समारोह संपंन

**इकदिल ।** नारायण दिव्यांग सेवा संस्थान द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन कार्यालय स्टेशन रोड इकदिल पर हुआ। जिसमें नगर व क्षेत्र के दिव्यांगजन बड़ी संख्या में शामिल हुए और एक दूसरे ने ग़ुलाल व रंग लगाकर होली खेली । अध्यक्ष जीपू शाक्य ने कहा कि होली का त्यौहार आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है हम सब को इसे मिलजुल कर मनाना चाहिए । इस अवसर पर संरक्षक डॉ .सुशील सम्राट, अध्यक्ष जीपू शाक्य, उपाध्यक्ष पवन कुमार प्रजापति, कमलेश कुमार, कथावाचक कमलाकांत शास्त्री, विकांत राजपूत, आशीष कुमार, राजाबाबू भदौरिया, गोविन्द कुमार, सुमित्रा देवी, जगदीश कुमार, साहव सिंह रामानंद दोहरे, संजय सिंह, जय किशोर राजू गोयल, अवनीश कुमार, मीरा देवी आदि दिव्यांगजन उपस्थित रहे है।

### घर से बाजार गयी महिला व बेटी लापता

**भरथना।** कस्बा के एक मोहल्ले से घर से बाजार गयी एक महिला व उसकी मासूम पुत्री देर रात तक घर नहीं लौटी. पीड़ित पति ने गुमशुदगी दर्ज कराई है । कस्बा के मोहल्ला अम्बेडकर नगर निवासी सोनू कुमार ने गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बताया कि मेरी 25 वर्षीय पत्नी सोनी सात माह की मासूम बेटी तान्या को साथ लेकर 1 मार्च की दोहपर करीब एक बजे घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली थी, किन्तु देर रात तक वह वापस नहीं आई। काफी खोजबीन के बाद भी मेरी पत्नी तथा पुत्री का कुछ पता नहीं चल सका है।

### प्राइवेट बस के परिचालक ने यात्री के साथ की मारपीट

**भरथना ।** थाना क्षेत्र के गांव पडिया पुरा निवासी सतेन्द्र यादव पुत्र हाकिम सिंह ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है कि वह पानीपत में प्राइवेट नौकरी करता है। होली का त्यौहार मनाने 28 फरवरी की रात दिल्ली के कश्मीरी गेट से एक प्राइवेट बस में सवार होकर अपने गाँव पडियापुर आ रहा था। सफ़र के दौरान बस जैसे ही भरथना थाना क्षेत्र के इटावा रोड स्थित हथनौली गाँव के समीप पहुंची तभी उसने परिचालक को अपना बैग निकालने की बात कही जिस पर परिचालक ने मेरे साथ मारपीट करते हुए मुझे जोर से लात मार दी जिससे मैं गिर गया और मेरे दायं हाथ व पैर में फैक्चर हो गया।

### मारपीट की घटनाओं में दो लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत बीना गांव निवासी मोहिनी पत्नी उमेश को गांव में दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत यादव नगर निवासी बब्ली देवी पत्नी सुरेश यादव को गांव में दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

### खोदा गया गड्ढा दे रहा हादसों को दावत

**महेवा।** विकास खंड क्षेत्र महेवा की ग्राम पंचायत बम्होरा के मजरा भवानीपुर में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण पूरा करा दिया गया है। लेकिन कार्यदाई संस्था द्वारा केंद्र के ठीक सामने खोदा गया गड्ढा अभी तक भरा नहीं गया है, जिसके चलते कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। कभी भी कोई बच्चा गिरकर हादसे का शिकार हो सकता है । यह भी विदित हो कि आंगनबाड़ी केंद्र पर नौनिहाल पढ़ने जाते हैं, जिनकी उम्र तीन से छह वर्ष होती है । ग्रामीण दीपेश दोहरे ,राघवेंद्र सिंह, भगवती प्रसाद चौरसिया, शेलेंद्र सिंह चौहान आदि ने खंड विकास अधिकारी से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। प्रधान हरगोविंद पाल ने इस बारे में बताया कि सम्बन्धित संस्था के ठेकेदार को कई बार अवगत कराया गया है लेकिन उसने काम नहीं किया । उन्होंने ब्लॉक पर इसकी लिखित रूप में शिकायत भी की है।

# सौम्या, रितिका और इरम का राज्य स्तर के लिए हुआ चयन

कार्यालय संवाददताता इटावा

- मेरा युवा भारत ने आपातकाल के 50 वर्ष, भारत के लिए सीख पर कराई गई भाषण प्रतियोगिता

**अमृत विचार ।** मेरा युवा भारत की ओर से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट युवा कनेक्ट के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारत के लिए सीख रखा गया था । इसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने अपने विचार रखें। जिनमें से सौम्या गुप्ता को प्रथम स्थान मिला। रितिका द्वितीय स्थान पर और इरम वारसी तृतीय स्थान पर रहीं। अब इन तीनों विजेताओं को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली भाषण प्रतियोगिता में जाने का अवसर मिलेगा। वहां यह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे ।

यहां तिरुपति बालाजी महाविद्यालय में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम का शुभारंभ उप जिलाधिकारी सैफई सिद्धार्थ वर्मा ने किया। विद्यालय के प्रबंधक शिवमोहन और उप प्रबंधक पूनम चौहान अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा ने विषय के संबंध में जानकारी दी। इसके बाद प्रतिभागियों ने अपनी बात रखी। सभी प्रतिभागियों को तीन तीन मिनट का समय दिया गया था। इसके लिए निर्णायक मंडल बनाया गया था। इसमें पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी हरिश्चंद्र तिवारी, राष्ट्रीय कवि व शिक्षक डॉ राजीव राज, डायट प्रवक्ता डॉ गायत्री वर्मा, चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज हेंवरा की प्रोफेसर निधि पांडे शामिल रही।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना जनता कॉलेज बकेवर के कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज तिरुपति, तिरुपति बालाजी कॉलेज के प्राचार्य डा. उदयवीर सिंह, मेरा युवा भारत के श्रवण कुमार बाथम मौजूद रहे।



प्रमाणपत्र व प्रतीक चिह्न के साथ मौजूद युवक व युवतियां। अमृत विचार

### अली खामेनेई की शहादत पर हुई शोक सभा

**इटावा।** ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला सैयद अली खामेनेई की शाहादत से शिया समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है। घटिया अज़मत अली स्थित मस्जिद में शोक सभा का आयोजन हुआ ।

शोक सभा में मौलाना अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा कि सुप्रीम लीडर आयतुल्ला सैयद अली ख़ामेनेई का मुसलमान ही नही सर्व समाज के लोग सम्मान करते थे। वह जीवन भर हक के रास्ते पर चले और जालिम का हमेशा विरोध किया। यह घटना तब हुई जब अमेरिका और ईरान के बीच समझौते को लेकर वार्ता चल रही थी। उन्हें धोखे से शहीद किया गया। शोक सभा में राहत अक़ील, अली मेहदी, सलीम रज़ा, तहसीन रज़ा, हसन अब्बास, तनवीर हसन, इबाद रिज़वी, अख्तर अब्बास रिज़वी, जहीर अब्बास रिज़वी, अयाज हुसैन, शावेज़ नक़वी, सफीर हैदर आदि मौजूद रहे।

# बच्चों ने एक दूसरे को रंग लगा कर दी होली की शुभकामनाएं

कार्यालय संवाददताता इटावा

- पान कुंवर स्कूल में उमड़ा रंगों का सैलाब, उत्साह से मनाया होली का महापर्व

**अमृत विचार ।** मानिकपुर-ग्वालियर बाईपास पर स्थित पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल का परिसर आज फाल्गुन के रंगों और बच्चों की चहक से सराबोर हो उठा। विद्यालय में होली का उत्सव किसी बड़े त्योहार की तरह मनाया गया, जहाँ चारों ओर खुशियों की फुहार नजर आई। इस खास मौके पर नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश के साथ एक-दूसरे को रंग लगाकर भाईचारे का संदेश दिया। उत्सव की रौनक तब और बढ़ गई जब विद्यालय के प्रबंधक डॉ. कैलाश चंद्र यादव और प्रधानाचार्य अरविंद तोमर सहित समस्त शिक्षक गणों ने बच्चों के साथ मिलकर इस पावन पर्व का आनंद लिया।

समारोह के दौरान बच्चों को प्यार और दुलार देते हुए प्रबंधक डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने होली के वास्तविक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह त्योहार केवल रंगों का मेल नहीं, बल्कि आपसी कटुता को भुलाकर प्रेम और सौहार्द बढ़ाने का माध्यम है। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित होली खेलने का मंत्र देते हुए विशेष रूप से सलाह दी कि वे केवल उच्च गुणवत्ता वाले और सुरक्षित रंगों का ही प्रयोग करें ताकि किसी के स्वास्थ्य को नुकसान न पहुंचे।

उन्होंने मिलावटी और हानिकारक रसायनों से दूर रहकर प्राकृतिक तरीके से खुशियां बांटने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर प्रबंधक ने सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और पूरे विद्यालय परिवार को होली की आत्मीय शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


बच्चों के साथ होली खेलते प्रबंधक डॉ . कैलाश चंद्र यादव। अमृत विचार

# बाजारों में जमकर बिका रंग - गुलाल और गन्ना

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत महेवा विचार ।** होलिका दहन के अवसर पर सोमवार को विकास खंड महेवा क्षेत्र में त्योहार की रौनक चरम पर रही। बहेड़ा, महेवा, ढकाताल सहित आसपास के गांवों में गन्ने की खूब बिक्री हुई। बाजारों और चौराहों पर सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे दुकानदारों के चेहरे खिल उठे।

होलिका दहन की परंपरा के चलते गन्ने की मांग अचानक बढ़ गई। क्षेत्र में गन्ना 20 रुपये प्रति नग के हिसाब से बेचा गया और हर जगह इसकी बिक्री जोरदार रही। ग्रामीणों ने पूजा के लिए गन्ना, लकड़ी व अन्य सामग्री खरीदी। वहीं होली के रंगों का बाजार भी पूरी तरह सज गया है। दुकानों पर गुलाल, अबीर, रंग, पिचकारी और बच्चों के खिलौनों की जमकर बिक्री हो रही है। छोटे-बड़े सभी बाजारों में त्योहार का उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि होली के चलते इस बार बिक्री अच्छी हो रही है और अगले दो दिनों में और बढ़ने की उम्मीद है। दूसरी ओर, बच्चे और युवा रंग-पिचकारी खरीदने में खास उत्साह दिखा रहे हैं। त्योहार को लेकर पूरे क्षेत्र में उल्लास का माहौल है और लोग पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होली मनाने की तैयारियों में जुटे हैं।


गन्ना की खरीदारी करते लोग।

# होली पर शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील

संवाददताता भरथना इटावा

- डीएम और एसएसपी ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया

**अमृत विचार ।** होली के त्योहार को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल तथा एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल भ्रमण किया ।

डीएम-एसएसपी ने पुलिस बल के साथ सरोजनी रोड, सब्जी मंडी, बालूगंज सहित मुख्य मार्गों से होते हुए पैदल मार्च किया। इस दौरान अधिकारियों ने सब्जी मंडी क्षेत्र में अतिक्रमण कर दुकानें लगाए बैठे कुछ व्यापारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि त्यौहार के दौरान मार्ग अवरुद्ध न हों और आवागमन सुचारु रहे। वहीं दुकानदारों द्वारा सब्जी मंडी में बाहर तक फैली हुई दुकानों को देख चिंताजाहिर की।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि डीजे की आवाज निर्धारित मानक से अधिक न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। हुड़दंग, जबरन रंग लगाने या शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी आरडी मौर्य ने कहा कि होली के पर्व को लेकर क्षेत्र में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह, अरिमर्दन सिंह, कस्बा इंचार्ज तनमय चौधरी, थाना उपनिरीक्षक इदु हसन, ब्रजनंदन सिंह, गीता देवी समेत भरी पुलिस बल मौजूद रहा।


भरथना में पैदल गस्त करते डीएम व एसएसपी। अमृत विचार

# राधा माधव संकीर्तन के वार्षिक उत्सव की तैयारियों पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत महेवा विचार ।** अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल शाखा इटावा की कार्यकारिणी की बैठक शाखा के अध्यक्ष राकेश चंद्र पाठक की अध्यक्षता में शाखा के सचिव नारायण किशोर वाजपेई के सिविल लाइंस स्थित आवास पर हुई जिसमें आगामी 14 एवं 15 मार्च को होने जा रहे मंडल शाखा के वार्षिक उत्सव को भव्यता के साथ संपन्न कराने की तैयारियों पर चर्चा की गई।

बैठक में शाखा के महासचिव विष्णु नारायण शोरावाल ने जानकारी दी कि दो दिन और चार सत्रों में होने वाले इस वार्षिक उत्सव का शुभारम्भ सत्र 14 मार्च को प्रातः दस बजे से माया मैरिज होम में होगा, जिसमें पूजन अर्चन के साथ भजन संकीर्तन होंगे और इसी दिन दूसरा सत्र सायंकाल शहर के प्रसिद्ध श्री काली वाहन मंदिर परिसर में अमित दुबे सिब्लू के संयोजन में होगा जिसमें मंडल से जुड़े बाहर से आए भजन गायक संगीतमय हरिनाम संकीर्तन प्रस्तुत करेंगे। अगले दिन 15 मार्च को प्रातः दस बजे से उत्सव का तीसरा सत्र शहर से करीब बारह किलोमीटर दूर इकदिल और बकेवर कस्बे के बीच हाई वे पर स्थित राधे राधे होटल एवं रेस्टोरेंट पर निखिल अग्रवाल के संयोजन में आरंभ होगा । इसके बाद इसी दिन विदाई सत्र सायंकाल पुनः माया मैरिज होम में होगा, जहां प्रसिद्ध भजन गायक धीरज बावरा और उनके सहयोगी कलाकार भजन संध्या कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इस बैठक में अनिल मिश्रा गुल्ली, अरविंद पोरवाल, इन्द्रनारायण पांडे, राजेश वाजपेई, नरेश चंद्र यादव, जगन्नाथ प्रसाद अग्रवाल, संजय चौबे, राम कुमार दुबे आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी का दो दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम संपन्न

# अपने अंदर पवित्रता व श्रेष्ठ संस्कार रखें

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू की लखना शाखा द्वारा आयोजित दो दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम "सफल जीवन का आधारः गीता का सार" का समापन रविवार को पुष्पश्री गार्डन में श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत लखना के अध्यक्ष गणेश पोरवाल, इंटर कॉलेज महेवा के प्रवक्ता शिवशंकर यादव एवं प्रबंधक अजय प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

समापन दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ शिव पूजन के साथ हुआ। शिव पूजन में अध्यक्ष गणेश पोरवाल के साथ बीके गीता, बीके अनीता, बीके प्रीति, बीके प्रेम एवं बीके अंजलि ने संयुक्त रूप से भाग लिया। मुख्य वक्ता योग शक्ति बीके गीता शिवनी, मध्य प्रदेश ने अपने संबोधन में कहा कि सच्चे सुख और शांति के लिए सकारात्मक सोच अपनाना अत्यंत आवश्यक है। यदि हम अपने भीतर पवित्रता और श्रेष्ठ संस्कार विकसित करें तो समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त कर सकते हैं। उन्होंने होली के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि होली का वास्तविक अर्थ 'पवित्र बनना' है और हमें सर्वकल्याण की भावना रखते हुए संस्कारों का मिलान कर विश्व परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी भरथना की प्रभारी बीके अनीता एवं श्याम ने किया। अतिथियों का स्वागत बीके अलका, बीके हीरा, बीके कीर्ति, बीके प्रिया, अंजू एवं बीके अनन्या ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके रविंद्र, बीके अशोक, बीके राम महेश, बीके राम कुमार, गणेश वैभव, बीके कौशल, बीके बंकट सिंह, ऋषभ यादव, श्याम प्रताप, अविनाश, दिनेश, सचिन, जगत, मोहित एवं भगवान प्रताप सहित अन्य सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा। अंत में अतिथियों को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।



कार्यक्रम में मौजूद ब्रहमकुमारी बहनें व अन्य लोग। अमृत विचार

# होली पर्व पर आबकारी व पुलिस टीम ने जांचीं शराब की दुकानें

संवाददताता ताखा इटावा

**अमृत विचार ।** होली पर्व के दृष्टिगत क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री व अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी एवं पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान आबकारी निरीक्षक ताखा, जितेन्द्र कुमार श्रीवास, थाना प्रभारी ऊसराहार बलराज सिंह भाटी के नेतृत्व में टीम ने क्षेत्र की कदमपुर, सरसई नावर, ऊसराहार, ताखा की देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों का निरीक्षण किया।

चेकिंग अभियान के दौरान दुकानों पर उपलब्ध मदिरा स्टॉक का रजिस्टर से मिलान किया गया। साथ ही प्रत्येक बोतल पर अंकित क्यूआर कोड की जांच कर उसकी वैधता परखी गई। टीम ने पोस मशीन के माध्यम से बिक्री की स्थिति की भी समीक्षा की। ताकि बिक्री प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के संचालन की स्थिति भी देखी गई और रिकॉर्डिंग व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी कि मदिरा की बिक्री केवल निर्धारित अंकित मूल्य पर ही की जाए। किसी भी प्रकार की ओवररेटिंग या अवैध बिक्री पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि 04 मार्च को होली के दिन शाम 5 बजे तक सभी मदिरा दुकानें पूर्ण रूप से बंद रहेंगी। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### दुकान का ताला तोड़कर पार किये आठ हजार

**भरथना।** कस्बा के मोहल्ला मोतीगंज में रेलवे क्रॉसिंग के समीप एक परचूनी की दुकान का ताला तोड़कर चोर गोलक में रखे आठ हजार रुपये चुरा ले गए। सुबह जब दुकान मालिक दुकान पर पहुंचा तब उसे घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। कस्बा के मोहल्ला कल्याण नगर निवासी प्रकाश चन्द्र पोरवाल पुत्र तुलसीराम ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरी दुकान को देर रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए दुकान की गोलक में रखे करीब आठ हजार रुपयों पर हाथ साफ़ कर दिया। सुबह दुकान पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

न्यूज ब्रीफ

### यमुना में मिला अज्ञात महिला का शव

कालपी–जालौन। यमुना में अज्ञात विवाहित महिला का शव मिला है। उसके यमुना पुल से कूदने के कयास लगाए जा रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। सोमवार दोपहर यमुना में मत्स्य आखेट करने वाले नाविकों ने नये यमुना पुल के पास कोठी नम्बर तीन के पास एक महिला का शव उतराता हुआ देखा, जिसकी सूचना उन्होंने कोतवाली पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी ने शव को नाविकों के सहयोग से बाहर निकाला था, जो सलवार सूट के साथ पैरो में बिछिया और कानों में भी आभूषण पहने हुए थी, जिससे उसके विवाहित होने के कयास लगाए जा रहे हैं। लोगों की मानें तो सम्भव है कि उक्त विवाहित महिला ने एक दिन पहले पुराने यमुना पुल से छलांग लगाई होगी।

### सड़क किनारे पड़ी बालू गिट्टी हटवाने की मांग

जालौन। चुंगी नंबर चार से उरई बाईपास तक सड़क किनारे अवैध रूप से डाली गई बालू–गिट्टी हटवाने की मांग नगर के लोगों ने डीएम से की है। नगर क्षेत्र में चुंगी नंबर चार से उरई बाईपास तक मुख्य मार्ग पर और उससे सटकर कई स्थानों पर बालू व गिट्टी के ढेर लगे हुए हैं। यह ढेर सड़क के किनारे से लेकर सड़क के बीच तक लगाए गए हैं। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। साथ ही दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है। इस मार्ग से होकर प्रतिदिन स्कूली वाहन, एंबुलेंस, दोपहिया एवं चारपहिया वाहन गुजरते हैं। इस मार्ग पर स्कूल, अस्पताल और गेस्ट हाउस भी संचालित हैं। सड़क किनारे और सड़क पर पड़ी इस निर्माण सामग्री हटवाने की मांग नगर के अशफाक राईन आदि ने की है।

### एएसपी व सीओ ने किया फ्लैग मार्च, ड्रोन से रखी गई नजर

अछल्दा (औरैया)। होली व रमजान के त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से अछल्दा कस्बे में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा व क्षेत्राधिकारी पुनीत मिश्रा ने पुलिस बल के साथ कस्बे के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च हरीगंज, सरायबाजार, नहर बाजार और स्टेशन बाजार सहित भीड़भाड़ वाले इलाकों में निकाला गया। इस दौरान पुलिस ने ड्रोन कैमरे के माध्यम से पूरे क्षेत्र की गतिविधियों पर नजर रखी। ड्रोन से छतों और संकरी गलियों की भी निगरानी की गई, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

# सड़क हादसे में भट्टा मजदूर की गई जान

## सब्जी लेकर लौट रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

संवाददाता, फफूंद


जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में भट्टा पर काम करने वाले एक वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायल को सीएचसी ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर चांद खां निवासी 65 वर्षीय साबिर अली नगला पाठक स्थित एक भट्टा पर ईंट पथाई का कार्य करते थे। रविवार की शाम वह साइकिल से पड़ोसी गांव ऊंचा बाजार सब्जी लेने गए थे। बताया जाता है कि देर रात वह साइकिल से सब्जी लेकर वापस भट्टा पर लौट रहे थे। जैसे ही वह फफूंद मुरादगंज मार्ग पर भट्टा के सामने पहुंचे और सड़क पार करने लगे, तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने गंभीर रूप से घायल वृद्ध को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी दिबियापुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

### लोगों ने जमकर की होली की खरीदारी

जालौन। होली की पूर्व नगर का बाजार पूरी तरह गुलजार नजर आया। मुख्य बाजार से लेकर मोहल्लों की गलियों तक दुकानों पर सजी रंग-बिरंगी सामग्री लेने के लिए लोगों की सुबह से देर शाम तक भीड़ रही। होली के इस सीजन में सबसे अधिक चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुखौटे और उनके आकर्षक कटआउट की रही। छोटे बच्चों से लेकर युवाओं तक में इनकी खास मांग देखी गई। दुकानदार अंशू का कहना है कि इस बार अलग-अलग साइज और डिजाइन के मुखौटे आए हैं, जिनमें मुस्कुराते चेहरे, चश्मा लगाए, अंदाज और पारंपरिक पगड़ी वाले रूप शामिल हैं। इसके अलावा फिल्मी कलाकारों और कार्टून पात्रों के मुखौटे भी बाजार में मांग रही। रंग-बिरंगी बनियानों पर रंग बरसे, होली है, बुरा न मानो होली है, होली की टोली, रंगों में डूबे हम, होली गुलाल की बहार जैसे आकर्षक वाक्य युवाओं को आकर्षित करते नजर आए। सफेद, पीले, हरे और गुलाबी रंग की इन बनियानों को पहनकर युवा होली के दिन विशेष अंदाज में नजर आने की तैयारी कर रहे हैं।

# विद्यार्थियों ने जमकर उड़ाई अबीर-गुलाल, हुए सराबोर

संवाददाता, फफूंद


होली का पर्व मनाते बच्चे। अमृत विचार

अमृत विचार। सोमवार को बचपन स्कूल परिसर रंग-बिरंगे फूलों, गुलाल और बच्चों की खिलखिलाहट से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। विशेष आकर्षण के रूप में कक्षा पीजी के छात्र रुद्र ने भगवान श्रीकृष्ण का मनमोहक रूप धारण किया, वहीं कक्षा एलकेजी की छात्रा आरवी ने राधा के रूप में सभी का मन मोह लिया। दोनों नन्हे कलाकारों की मनभावन प्रस्तुति ने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों का दिल जीत लिया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक पीके दीक्षित ने बच्चों को होली के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि होली एक प्राचीन भारतीय त्योहार है, जिसे बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इसका संबंध

- रंग-बिरंगे फूलों से तैयार अबीर से खेली होली

भक्त प्रह्लाद और होलिका की कथा से जुड़ा है, जो हमें सच्चाई, आस्था और सद्भाव का संदेश देती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य एस कुमार ने भी बच्चों को समझाया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और नए उत्साह का प्रतीक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में एक्टिविटी इंचार्ज मोहिनी मैम, हिमामी मैम, कल्पना मैम, राखी मैम, कशिश मैम, देवांशी मैम सहित समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी बच्चों को मिठाइयां वितरित की गईं और सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल होली मनाने का संदेश दिया गया। विद्यालय में आयोजित यह रंगारंग कार्यक्रम सभी के लिए यादगार बन गया।


मोमेंटो के साथ सम्मानित कराटे खिलाड़ी। अमृत विचार

### कराटे स्कूल की कलर बेल्ट परीक्षा संपन्न खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

अछल्दा। कस्बे में रविवार को स्थित नहर कोठी परिसर में एसएस कराटे अकादमी द्वारा कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। लगभग तीन घंटे तक चली इस परीक्षा में खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन का प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में लक्ष्मी नारायण स्कूल, ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल, एसएसआर अकादमी, ज्ञान ग्लोबल स्कूल और एसपीएल अकादमी के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। कोच श्रीवत्स दीक्षित और संध्या दीक्षित ने बताया कि परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर रहे रिशु तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सत्यम सिंह को समुराईकान कराटे दो इंटरनेशनल की ओर से शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सभी उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को एसोसिएशन की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

# हादसे के बाद जागा विद्युत विभाग 8 नए पोल लगाकर सुधारी लाइन

संवाददाता, अछल्दा/कुदरकोट

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव गढ़वाना में झूलती 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आने से 32 वर्षीय रवि की मौत हो गई थी। हादसे के बाद विद्युत विभाग हरकत में आया और जेई मोहित रस्तोगी अपनी टीम के साथ देर रात तक मौके पर डटे रहे। विभागीय कर्मचारियों ने झूलते तारों को हटाकर लाइन को दुरुस्त किया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आठ नए पोल लगाए गए, क्षतिग्रस्त तार बदले गए और हाईटेंशन लाइन को मानकों के अनुरूप ऊंचाई पर व्यवस्थित किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पहले ही शिकायतों पर संज्ञान लिया जाता तो युवक की जान बच सकती थी। फिलहाल गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है तथा लोग जिम्मेदार अधिकारियों पर ठोस कार्रवाई और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।


बबूल के पेड़ पर लगा था इन्सुलेटर। अमृत विचार

- रविवार को करंट की चपेट में आने से युवक की गई थी जान

बता दें कि मार्च 2025 में इन्हीं झूलते तारों की चपेट में आकर करीब 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई थी। इसके बाद 27 अगस्त 2025 को पांच गोवंशों की करंट लगने से मौत हो गई थी। उस समय भी हाईटेंशन लाइन की शिकायत विभाग से की गई थी, लेकिन स्थायी समाधान नहीं कराया गया। आरोप है कि विभाग ने केवल औपचारिकता निभाई और जर्जर तारों व खंभों की मरम्मत नहीं कराई। ग्रामीणों का कहना है कि एक बबूल के पेड़ पर इंसुलेटर लगाकर ही बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चलाई जा रही थी। रवि की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव उठाने से इनकार कर दिया और जिलाधिकारी व वरिष्ठ बिजली अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे।

# होली को लेकर बेला में फ्लैग मार्च, पुलिस ने परखी व्यवस्था

संवाददाता, बेला

अमृत विचार। होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार शाम बेला कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने किया।

कस्बे के मुख्य बाजार, चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ मार्च किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मी हेलमेट और जैकेट पहनकर लाठी के साथ मुस्तैद नजर आए। फ्लैग मार्च के माध्यम से आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाने के साथ ही असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की हुड़दंग, अवैध शराब बिक्री, जबरन रंग डालने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से अपील की गई कि त्योहार को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस की सक्रियता से कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ दिखाई दी और नागरिकों ने भी पुलिस के इस कदम की सराहना की।

### फुट मार्च निकालकर अराजकतत्वों को दी चेतावनी

कालपी। होली पर गड़बड़ी न हो इसको लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। इसके चलते नगर के संवेदनशील क्षेत्रों में मार्च निकालकर लोगों से साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई है। होली पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। रविवार को जिलाधिकारी राजेश पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने भी नगर का दौरा कर लोगों से वार्ता कर माहौल का जायजा लिया था और सोमवार दोपहर को कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी ने कोतवाली तथा अतिरिक्त पुलिस बल के साथ दमदमा, मुन्ना फुलपावर चौराहा, टरननगंज सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया।

# पांच वर्षीय बच्चे से कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

संवाददाता, कुदरकोट (औरैया)

अमृत विचार। थाना कुदरकोट क्षेत्र के एक गांव में पांच वर्षीय मासूम बच्चे से कुकर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना बीते 22 फरवरी को सुतयानी मोड़ के पास दोपहर करीब एक बजे हुई थी। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी पांच साल का बच्चा अपने सात वर्षीय बड़े भाई के साथ खेत पर जा रहा था। वहां उसकी दादी खेत पर फसल की सिंचाई कर रही थीं। तभी रास्ते में बाइक सवार एक युवक मिला। उसने बच्चे को खेत तक छोड़ने की बात कही और 10

- थाना कुदरकोट क्षेत्र के एक गांव का मामला, दादा की तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई

रुपये देने का लालच दिया। आरोप है कि युवक बच्चे को कुछ दूर खेत में ले गया और उसके साथ कुकर्म किया। वारदात के बाद आरोपी मासूम को रोता हुआ छोड़कर फरार हो गया। बाद में बच्चा घर पहुंचा। उसकी हालत देख परिजनों ने पूछताछ की, तो उसने रोते हुए पूरी घटना बताई। इसके बाद यूपी-112 पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कुदरकोट थाना पुलिस और बिधूना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। बच्चे को उपचार व मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिधूना भेजा गया। मासूम के दादा की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसके आधार पर आरोपी की पहचान अजय बाथम निवासी सराय चौरी, थाना भरथना (इटावा) के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड स्थित गढ़वाना अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है।


होली मिलन समारोह के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

### एक-दूसरे को गुलाल लगाकर दी होली की बधाई

अछल्दा। कस्बे स्थित नहर कोठी परिसर में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पूर्व विधायक लाखन सिंह राजपूत और पूर्व चेयरमैन राजेश पोरवाल पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। वहीं विधायक ने कहा कि होली आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक समरसता का पर्व है। पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। इस दौरान फाग गीतों पर कार्यकर्ता झूमते नजर आए।

# परीक्षा में चयनित प्रभात का हुआ सम्मान

संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। सदर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय गोहना के छात्र प्रभात कुमार पुत्र संतोष कुमार ने नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा (एनएमएमएस) 2025 में चयनित होकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

इंचार्ज प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश व सहायक अध्यापक कुलदीप सिंह, सुभाष रंजन द्विवेदी तथा अवधेश पोरवाल सहित समस्त स्टाफ ने छात्र प्रभात का तिलक कर माल्यार्पण के साथ स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक चंद्र प्रकाश ने कहा कि प्रभात कुमार की यह


छात्र को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

सफलता यह सिद्ध करती है कि यदि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक वातावरण मिले तो वे किसी भी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनएमएमएस जैसी छात्रवृत्ति योजनाएं आर्थिक रूप से कमजोर किंतु प्रतिभाशाली छात्रों के लिए वरदान हैं, जो उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए आत्मविश्वास और संसाधन प्रदान करतीं हैं। इस मौके पर उन्होंने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अलग से क्लास चलाए जाने की बात कही। चयनित विद्यार्थी को प्रति माह कक्षा 12 तक 1000 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल

संवाददाता, बेला, औरैया

अमृत विचार। बेला-कानपुर रोड पर सोमवार शाम एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही बेला पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा किया।

दिलीप नगर, बेला मऊ सारिया, जिला कन्नौज निवासी प्रदीप राजपूत और रामसिंह बाइक से बेला से अपने गांव पुरवा विधि जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही पिकअप ने उनकी बाइक में

- बेला-कानपुर रोड पर पिकअप की टक्कर से दो बाइक सवार गंभीर घायल

जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

देखी व्यवस्था | पर्व को लेकर पुलिस अधिकारियों ने पैदल मार्च किया

# सौहार्द बिगाड़ने पर होगी कड़ी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, जालौन

अमृत विचार। होली की पूर्व संध्या पर सीओ ने स्थानीय पुलिस के साथ सड़क पर पैदल मार्च किया। अधिकारियों ने फोर्स के साथ भ्रमण कर सुरक्षा का एहसास कराया और लोगों से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

होली व रमजान को लेकर प्रशासन सतर्क है। जिसको लेकर सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेयी व कोतवाल आनंद सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस, महिला पुलिस व पुलिस चौकी के जवानों ने संयुक्त फ्लैग मार्च किया। अधिकारियों ने फोर्स के साथ तकिया चौराहे के साथ झंडा चौराहा के आसपास की


पैदल मार्च करते पुलिस के जवान व अधिकारी। अमृत विचार

सड़कों पर पैदल मार्च किया। पैदल मार्च की शुरुआत कोतवाली परिसर से की गई। पुलिस के जवान काली माता मंदिर के सामने से तहसील रोड होते हुए जल संस्थान के सामने सब्जी मंडी पहुंचे। इसके बाद चौकी के सामने से छोटी माता मंदिर होते हुए नगर पालिका स्कूल के आगे से मुरलीमनोहर, तकिया मस्जिद होकर झंडा चौराहे पर पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों ने जनता को चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी वयक्ति सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास न करे अन्यथा कड़ी कार्रवाइ्र की जायेगी।

सभी शांतिपूर्वक त्योहार मनाएं और किसी भी प्रकार की कोई अफवाह पर ध्यान न दें। शराब के नशे में हुल्लड़बाजी न करे। यदि कोई माहौल खराब करने की कोशिश करता है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस मौके पर इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे, एसएसआई संजय यति, चौकी प्रभारी मनीष तिवारी, महिला चौकी प्रभारी मधु सिहं आदि रहे।

# आयुर्वेद विभाग के कार्मिक नहीं मनाएंगे होली का पर्व

संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। आयुर्वेद विभाग में विभागीय निष्क्रियता के चलते चिकित्सकों, फार्मासिस्टों, नर्सों एवं चतुर्थ श्रेणी, संविदा कर्मचारियों का वेतन होली के त्योहार से पहले नहीं निकल सका।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वेतन निकलने संबंधी कड़े आदेश के बाद भी आयुर्वेद विभाग इटावा में किसी अधिकारी कर्मचारी का वेतन नहीं निकाला गया। जबकि होली के त्योहार को देखते हुए मुख्यमंत्री ने आदेश दिया था जिन कर्मचारियों का चल अचल संपत्ति का ब्यौरा भी नहीं दर्ज है उनका वेतन भी आहरित कर दिया जाए। ऐसी विषम परिस्थितियों में आयुर्वेद विभाग के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने होली का त्योहार न मनाने का निर्णय लिया है। प्रांतीय आयुर्वेद चिकित्सक संघ के जिला सचिव डॉ. कमल कुमार कुशवाहा ने बताया कि इस समय सभी कर्मचारियों पर अत्यधिक बोझ है अधिकतर चिकित्साधिकारियों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षाओं और एस आई आर में लगी हुई है जहां पर आने जाने में जेब पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है ऐसी विषम परिस्थितियों में वेतन का न आना सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के होली के त्यौहार को फीका कर देगा। कई कर्मचारियों के सामने विकट आर्थिक संकट है कर्मचारियों के इस प्रकार की परेशानी को देखते हुए संघ ने त्योहार न मनाने का फैसला लिया।

**न्यूज ब्रीफ**

### किशोरी ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कुरारा (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के उमराहट गांव में बीती रात अज्ञात कारण के चलते किशोरी ने घर में दुप्पटे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के उमराहट गांव निवासी प्रमोद कुमार की पुत्री कृष्णा देवी (17) ने अज्ञात कारणों के चलते रविवार की रात घर की छत में लगे एंगल की रॉड से दुप्पटे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर थाना पुलिस सहित फोरेंसिक टीम ने मौके पर जाकर घटना की जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ई-रिक्शा से भिड़ंत में बाइक सवार घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** ससुराल से बाइक द्वारा अपने गांव वापस लौट रहे युवक की कस्बे के रेलवे स्टेशन के पास ई रिक्शा से बाइक भिडंत हो गई। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। कुरारा थानाक्षेत्र के पोथीपुर निवासी देवला (25) पुत्र राजा निषाद शनिवार को मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ढ़ीहा डेरा अपनी ससुराल आया था। सोमवार व ससुराल से वापस अपने घर लौट रहा था। तभी रेलवे स्टेशन मोड़ के पास सामने से आ रहे ई रिक्शा से सीधे भिडंत हो गई। जिसमें देवला गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने बताया कि उसे मामूली चोटें ही आई हैं।

### किशोरी को ले जाने में आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र से एक गांव की लड़की को बहलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने औरैया के आरोपी को नहर पुल के पहले धन्नी निवादा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया है। कहिंजरी चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार मिश्र ने बताया कि दो नवंबर 2025 को मुकदमा कायम कराया गया था। इसमें कहा गया कि किशोरी को जनपद औरैया के ग्राम हवेलियां का निवासी युवक ने बहला फुसला ले गया है। पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना अनुसार नहर पुल के पहले धन्नी निवादा मोड थाना रसूलाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार कर पाक्सो की बढ़ोतरी की है। पुलिस ने आरोपी न्यायालय में पेश किया। वहां उसे जेल भेज दिया गया है।

# फिल्मी गानों में दब गए होली के फाग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



- बुंदेलखंड में चौकड़िया, दहकवा छंद, बृजवासी विधा में गाए जाते थे होली के फाग
- अब युवाओं में रील तक सीमित रहा होली का उत्साह, फाग के बारे में पता ही नहीं
- बुजुर्गों की जमात में ही सुनाई देते फाग, फगुआ की ढोलक बजाने वालों की खलती कमी

**अमृत विचार।** आधुनिकता की दौड़ में होली के फागों के बोल गायब हो गए हैं। कभी गांव की चौपालों में वसंत पंचमी से ही फाग की गूंज उठने लगती थी और रंग पंचमी तक फाग की धूम रहती थी। अब ऐसा कहीं नहीं दिखता। युवा वर्ग फागों के बोलों से अनजान है। युवा वर्ग को यह भी मालूम नहीं है कि कितने प्रकार की फागें गाई जाती हैं। इससे बुजुर्ग फाग गायक आहत है।

सुमेरपुर के विदोखर पुरई के मशहूर फाग गायक शिवनाथ सविता ने बताया कि बुंदेलखंड में चौकड़िया, छंद, दहकवा, बृजवासी, खड़ी फाग एवं बड़ी फाग विधा की फागें गाई जाती हैं अब इन फागों को गाने वाले विलुप्त होते जा रहे हैं अभी कुछ गांवों में होली के फाग निकालने की परंपरा विद्यमान है लेकिन आपसी भाईचारे, सद्भाव, प्रेम का अभाव होने से यह परंपरा सिमटती जा रही है। फाग गायक रणविजय सिंह ने बताया कि ज्यादातर गायक कवि ईश्वरी रचित फागे गाते हैं। इसके अलावा बुंदेलखंड में कवि गंगाधर, कवि जितेंद्र, सुखराम शतक, नन्हे सिंह, दशरथ रचित फागें भी गाई जाती हैं। वयोवृद्ध सीताराम सिंह ने बताया कि यमुना पट्टी गांवों में बड़ी फागों के गायन का चलन है जबकि ब्लाक क्षेत्र के पश्चिमी एवं दक्षिणी दिशा में बसे गांवों में चौकड़िया, छंद, दहकवा, बृजवासी, खड़ी फाग की गायकी का चलन है।

मशहूर फाग गायक अमर सिंह ने चौकड़िया, छंद, दहकवा, बृजवासी, खड़ी फागों के बोलो को बताते हुए कहा कि छंद फाग दोहा के अंतरा से शुरू होकर छंद के साथ समाप्त होती है। इसको कुछ इस तरीके से गायक गाते हैं। भंग. दंग झूमत फिरत करत परस्पर जंग, आज ललन होरी करन, नाहक पिलई भंग। संग शखा लिए बाल, झोरी भरभर गुलाल, मेरा कियो ऐसा हाल सरबोर किया पिया, लाल पियर बैजाना प्याजी पतरंग दिखलाया। चौकड़िया फाग को गायक ऐसे प्रस्तुत करते हैं। भीगी फिरत राधिका रंग में, मनमोहन के संग में। दहकवा के बोल कुछ यूं होते हैं गिरधारी लाल, बनवारी लाल गिरवर, गिराधरी, बृजवासी फागुन के साथ चैत्र मास में भी गाने का रिवाज बुंदेलखंड में है। होली में बृजवासी के बोल कुछ इस तरह से हैं। मगरोकट नार पराई छैल, जशोदा के अनोखे नंदलाला। खड़ी फाग कुछ यूं गाया जाता है। दोऊ बाजै पैजाना पावन मा, सुधर नार के आवन मां। लेकिन अब इन फागों के गाने वालो की संख्या नगण्य होती जा रही है। युवा वर्ग का रुझान फागो की तरफ नहीं है बल्कि फिल्मी गानों की ओर है। यही कारण है कि बसंत पंचमी से फागों से गुलजार होने वाली चौपालें अब होली पर्व में भी सुनसान रहती हैं कभी-कभार इनके बोल सुनाई देते हैं।

## ई रिक्शा पलटने से तीन गंभीर घायल

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा भौली मार्ग मे रघवा गांव के पास ई रिक्शा पलटने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सभी को एंबुलेंस से स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद एक घायल की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कुरारा भौली मार्ग में रघवा गांव के पास सोमवार को ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें सवार गोविंद (18) पुत्र राम सिंह, नीरज (22) पुत्र रामकुमार निवासीगण पडुई, प्रहलाद (32) पुत्र सुरेश निवासी रघवा गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से एंबुलेंस से उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद गोविंदा की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# संदिग्ध हालात में महिला का फंदे पर लटका मिला शव

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- मायके वालों ने गला घोंटने का आरोप लगाकर काटा हंगामा

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अकौना गांव में 36 वर्षीय महिला का संदिग्ध हालात में फंदे पर शव लटका मिला। मायके वालों ने गला घोंटकर लटकाने का आरोप लगाकर हंगामा काटा। पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया है।

कोतवाली क्षेत्र के अकौना गांव की विनीता (36) पत्नी कालका प्रसाद ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मध्यरात्रि के समय रस्सी के फंदे पर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जब परिजनों ने महिला विनीता को फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। मृतक महिला के परिजनों ने बताया कि मृतका विनीता ने पति से झगड़कर स्वयं ही फांसी लगाकर आत्महत्या की है। वहीं मृतक महिला के भाई नीरेंद्र कुमार ने बताया कि उसकी बहन का विवाह बीते 15 वर्ष पूर्व हुआ था। तथा विवाह के बाद से ही उसकी बहन का पति और अन्य ससुरालीजन उसकी बहन को प्रताड़ित कर मारपीट करते रहते थे। आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त ससुरालीजनों ने ही उसकी बहन की गला घोटकर हत्या की है। मृतक महिला के भाई नीरेन्द्र कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर ससुरालियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। मृतका विनीता अपने पीछे 10 वर्षीय पुत्र अंशु व 12 वर्षीय पुत्री वंदना सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गई है। मामले में कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

# प्रसव के बाद बिगड़ी हालत, थम गई सांस

## कल्ला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के बाद बिगड़ी हालत

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही तोड़ दिया दम
- बिवांर थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार।** कल्ला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। हालत गंभीर देख उसे सदर चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। परिवार के लोग महिला को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। बताते हैं कि उसकी रास्ते में ही सांसें थम चुकी थीं।

थाना क्षेत्र के चंदौली अहीर गांव के रहने वाले जितेंद्र की पत्नी मोहनी (30) को नौ माह का गर्भ था। रविवार की शाम मोहनी को प्रसव पीड़ा होने से परिवार के लोग एएनएम से जान-पहचान होने के कार कल्ला गांव की पीएचसी ले गए, जहां प्रसव के लिए भर्ती कर लिया गया। सोमवार की सुबह करीब दस बजे तेज दर्द होने पर एएनएम मधु ने आक्सीप्रोसीन का इंजेक्शन लगा दिया। थोड़ी देर बाद मोहनी ने बच्ची को जन्म दिया।

प्रसव के कुछ देर बाद ही मोहनी को तेज घबराहट हुई। आंखें पलट गईं। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने फौरन सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिवार के लोग निजी वाहन से मोहनी को सदर अस्पताल ले गए, जहां पहुंचने पर डॉक्टर ने मोहनी को मृत घोषित कर दिया। नवजात बच्ची की हालत फिलहाल सामान्य है। उसके दो बेटियां पहले से हैं, जो मां के बिछड़ने के बाद रोती-बिलखती रहीं।

देवर जयहिंद ने बताया कि कल्ला गांव में जान-पहचान होने के कारण वे लोग प्रसव के लिए बिवांर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाने के बजाय कल्ला पीएचसी ले गए थे। एएनएम मधु ने बताया कि मोहनी की डिलेवरी आसानी से हो गई थी। डिलेवरी के बाद उसकी हालत खराब हुई। हालत गंभीर देख तत्काल उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया था। एसआई अंकित बैसला ने बताया कि मोहनी के देवर जयहिंद की सूचना पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## मां की डांट से आहत बेटी ने लगाया फंदा

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के पढ़ोरी गांव में 15 वर्षीय किशोरी ने मां की डांट से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

परिजनों ने बताया कि सोमवार सुबह माता-पिता खेत गए थे। घर में किशोरी अकेली थी। रात में किसी बात को लेकर मां ने उसे डांट दिया था। इसी से आहत होकर किशोरी ने कमरे का दरवाजा बंद कर दुपट्टे से फंदा बना लिया। घर के बाहर खेल रही छोटी बहन को अनहोनी की शंका हुई तो उसने शोर मचाया। आवाज सुनकर बगल में रह रहे किशोरी के चाचा पहुंचे और घर के पीछे से कूदकर दरवाजा खोला। उन्होंने फंदा काटकर किशोरी को उतारा। परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने नाजुक हालत देखते हुए उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन परिजन किशोरी को बांदा मेडिकल कॉलेज ले गए हैं।




होली मिलन एवं सम्मान समारोह में भाग लेते कवि। अमृत विचार

## होली मिलन एवं कवि सम्मान समारोह में हास्य रस की फुहार

**मौदहा।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद की तहसील इकाई के तत्वावधान में थाना चौराहा के पास कुंवर विद्यालय में होली मिलन व कवि सम्मान समारोह संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के संयोजक तहसील अध्यक्ष हरी प्रकाश कुशवाहा ने अंगवस्त्र और फूल माला से सभी साहित्यकारों का सम्मान किया। मुख्य अतिथि प्रांतीय संयुक्त मंत्री कवि रेवती कुमार पाठक, संस्था के जिलाध्यक्ष लखनलाल जोशी 'ललित' कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संरक्षक शिवकरण सिंह' सरस', पूर्व अध्यक्ष जगदीश चन्द्र जोशी, कवि वीरेंद्र कुमार पाल 'शजर', उपाध्यक्ष नीतिराज सिंह, कवि कमलेश सिंह गौर, कवि संतोष कुमार माधव, कवि कमल किशोर कमल, कवि बालकिशुन जोशी' चंचल', उपाध्यक्ष धर्मात्मा प्रसाद 'अभिलाषी', उपाध्यक्ष गीता ओमर, डॉ ज्ञानेंद्र द्विवेदी, हास्य कवि दिनेश दुबे, हरीराम गुप्त 'निरपेक्ष' आदि ने कविता पाठ किया। चन्द्रशेखर अग्निहोत्री ने विचार रखे। इस मौके पर कवि बाल किशन जोशी 'चंचल' को तहसील इकाई राठ का अध्यक्ष घोषित किया गया। मंत्री कैलाश प्रसाद सोनी ने संचालन किया।

## किन्नर से छेड़खानी मारपीट, तहरीर दी

**बिवांर।** गांव से लौट रहे किन्नर को रास्ते में सुनसान पाकर युवक ने साथी के साथ मिलकर छेड़खानी की। विरोध करने पर युवक ने किन्नर के साथ अभद्रता कर थप्पड़-घूंसों से जमकर मारपीट की। किन्नर ने युवक सहित उसके साथी के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

थानाक्षेत्र के मुटनी गांव निवासी किन्नर मुस्कान ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उमरी गांव के किन्नर चंदा से मुलाकात करने के लिए गई थी। मुलाकात कर वापस आते समय रास्ते में बिवांर कस्बा निवासी सत्यम अपने अज्ञात साथी के साथ मिल गया और रास्ते में रोक कर जबरन छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर अभद्रता करते हुए थप्पड़ घूंसों से मारपीट कर दी।

शोर मचाने पर किन्नर चंदा ने आकर बीच बचाव किया। जिस पर सत्यम जान से मारने की धमकी देते हुए अपने साथी के साथ भाग गया। किन्नर मुस्कान ने सत्यम व उसके साथी के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। एसआई अंकित बैसला ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**राठ (हमीरपुर)।** जराखर मार्ग पर सैना गांव के पास एक चार कार ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। कार की टक्कर से बाइक सवार युवक बुरी तरह से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। जहां उसकी मौत हो गई। कार किसी सपा नेता की बताई जाती है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

टोला खंगारन गांव निवासी चंद्रप्रकाश (35) सोमवार की दोपहर बाद बाइक से अपने गांव जा रहा था। सैना गांव के पास एक सपा नेता की कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के पचखच्चे उड़ गए। जिससे बाइक सवार युवक सड़क किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घायल को इलाज के लिए कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। जहां युवक की नाजुक हालत होने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां उरई मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र यादव ने बताया कि मृतक अपने नाना नानी के यहां टोला खंगारन गांव में बचपन से रहता था। वह मूल रूप से चिल्ली गांव का निवासी थी।



कुरारा थाने में खड़े कराए गए मौरंग भरे ट्रैक्टर। अमृत विचार

## पुलिस ने बिना एमएम-11 के 2 ट्रैक्टर पकड़ थाने में खड़े कराए

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बे में अवैध रूप से मौरंग लेकर जा रहे दो ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़ कर थाने में खड़ा कराया है। अभी तक इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

कस्बे में बीती रात गश्त के दौरान थाना पुलिस ने भौली रोड में मौरंग लेकर जाते समय दो ट्रैक्टर ट्रॉली को बिना एमएम 11 के पुलिस ने पकड़ कर थाने में खड़ा कराया है तथा खनिज विभाग को इसकी जानकारी दी गई है। अभी तक इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई है। क्षेत्र में शाम ढलते ही बेतवा नदी के किनारे बसे गांवों से अवैध रूप से मौरम का खनन दबंग लोगों द्वारा किया जा रहा है। तथा रात के अंधेरे में मोरम का परिवहन किया जा रहा है। जिससे राजस्व का नुकसान हो रहा है। खनिज विभाग भी इस अवैध खनन पर रोक नहीं लगा पा रही है।

## इबादत, सब्र और इंसानियत का पैगाम देता रमजान माह

**हमीरपुर।** माहे रमजान इस्लाम धर्म में रहमत, मगफिरत और निजात का मुबारक महीना माना जाता है। इस पाक महीने की शुरुआत के साथ ही मुस्लिम समाज में इबादत, संयम और नेकियों का विशेष माहौल बन जाता है।

मौलाना रियाजुल हसन ने बताया कि रमजान में रोजा रखना फर्ज है, जिसमें सहरी से इफ्तार तक खाने-पीने से परहेज़ करते हुए अल्लाह की इबादत की जाती है। रमज़ान की एक रात शबे-क़द्र हजार महीनों से बेहतर बताई गई है। मस्जिदों में तरावीह की नमाज़ अदा की जाती है, वहीं लोग कुरान की तिलावत, ज़िक्र और दुआओं में समय बिताते हैं। यह महीना सब्र, त्याग और आत्मसंयम का संदेश देता है। गरीबों और जरूरतमंदों की मदद रमजान की खास पहचान है। रोजेदारों को इफ्तार कराना और ज़कात व सदक़ा देना बड़े सवाब का काम माना जाता है। कहा जाता है कि जो व्यक्ति किसी रोज़ेदार को इफ्तार कराता है, उसे भी रोज़े के बराबर सवाब मिलता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रमजान का पहला अशरा रहमत, दूसरा मगफिरत और तीसरा जहन्नुम से निजात का होता है। कुल मिलाकर रमज़ान इंसान को इंसानियत, भाईचारे और नेक रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है।

# होलिकोत्सव में अबीर लगाई, गले मिले और रंगीली होली की बधाई दी

**हमीरपुर।** नगर के स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में होलिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने कहा कि यह त्योहार हिन्दू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

पौराणिक कथा के अनुसार होलिका हिरण्यकश्यप की बहन थी जिसने एक वरदान प्राप्त किया था जिससे वह अग्नि से अप्रभावित हो रही थी। फिर उसने अपने भतीजे प्रहलाद को अपनी गोद में बिठाकर होलिका दहन मे मारने का प्रयास किया। जबकि वह स्वयं जलकर भस्म हो गयी और प्रहलाद आग से बच गया। इस अवसर पर पंचम वेला में सभी कक्षाचार्यो ने अपनी अपनी कक्षाओं में होली का महत्व बताया और रंग गुलाल लगाकर सभी को होली की बधाई दी। अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने समस्त स्टाफ के साथ बैठकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया ने किया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रमुख आचार्य राजेश शुक्ला ने किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी आचार्य वेद प्रकाश शुक्ल ने दी।



होलिकोत्सव में एक-दूसरे के गुलाल लगाकर गले मिलते शिक्षक। अमृत विचार



एंबुलेंस कर्मियों को दिशा-निर्देश देते जिला प्रभारी। अमृत विचार

## होली पर 24 घंटे सड़क पर दौड़ती रहेंगी एंबुलेंस

**हमीरपुर।** जनपद में होली पर्व के मद्देनजर 108 व 102 एंबुलेंस सेवाएं तथा सभी सरकारी अस्पताल 24 घंटे हाई अलर्ट पर रहेंगे। शासन के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.गीतम सिंह ने एंबुलेंस जिला प्रभारी भूपेंद्र और कपिल वार्ष्णेय को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

एम्बुलेंस नोडल अधिकारी डॉ.सच्चिदानंद ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में 108 एंबुलेंस सेवा पर डायल करने पर एंबुलेंस शीघ्र घटनास्थल पर पहुंचेगी और मरीज को नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। सभी अस्पतालों में डॉक्टर व स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की गई है।

**हुनर का धमाल** | डा. गनेशीलाल बुधौलिया वर्ल्ड स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लूटी वाहवाही

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के डा.गनेशी लाल बुधौलिया वर्ल्ड स्कूल और बचपन प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बच्चों ने नाट्य प्रस्तुतियों के द्वारा पर्यावरण को साफ रखने का संदेश दिया और बच्चों में मोबाइल एडिक्शन से बढ़ते खतरे की ओर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम के दौरान ऑपरेशन सिंदूर और वाद्य यंत्रों द्वारा ऐ मेरे वतन के लोगों गीत ने लोगों को भावुक कर दिया। इस मौके पर स्कूल के छोटे छोटे बच्चों ने राठ की तीन महान हस्तियों स्वामी ब्रह्मानंद, दीवान शत्रुघन सिंह और पंडित परमानंद का भी नाट्य चित्रण द्वारा उनकी जन कल्याण की शिक्षाओं




पर्यावरण पर आधारित नाटक का मंचन करते बच्चें। अमृत विचार

से सभी को अवगत कराया। बचपन प्ले स्कूल के बच्चों की मनमोहक डांस से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत जयंती राजपूत, विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी शैलेश त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, जिला पंचायत सदस्य विमलेश अहिरवार, चंद्रशेखर मिश्रा, डा.विवेक नगाइच, डा.रवींद्र मिश्र, ब्रह्मानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डा.सुरेंद्र, डा.हरिओम नगाइच, कैलाश अग्रवाल, लक्ष्मण त्रिपाठी, सुरेश खेवरिया, मनोज बुधौलिया आदि उपस्थित रहे। अंत में मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश बुधौलिया ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पत्नी की आत्महत्या में पति को भेजा गया जेल

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- प्रेम विवाह के बाद उत्कर्षा से फातिमा बनी थी युवती
- शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न से टूट चुकी थी प्रेमिका प्रेमी

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बिगहना गांव पति द्वारा शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न से परेशान पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 108 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

बिगहना निवासी मुतर्जा पुत्र मुस्ताक महाराष्ट्र के एक होटल में कार्यकर्ता था। पड़ोस की हिंदू युवती उत्कर्षा से युवक ने प्रेम प्रसंग कर अपने जाल में फांस लिया था। युवती को युवक बहला फुसलाकर अपने घर ले आया था उसका नाम फातिमा रखकर पति-पत्नी की तरह रहने लगे थे। दो दिन पहले युक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

पुलिस के उसके घर महाराष्ट्र के पिंपल गांव रत्नागिरी में सूचना के देने से परिजनों ने आने से इनकार कर दिया था। पुलिस ने उसका पोस्टमार्टम कराया था। कुनहेटा चौकी प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया कि युवक के शारीरिक और मानसिक परेशान किए जाने पर युवती ने आत्महत्या की है। पुलिस ने युवक के खिलाफ धारा 108 पर थाना में रिपोर्ट दर्ज कर उसको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

**न्यूज ब्रीफ**

## महिला की हत्या करने वाले मां-बेटे गिरफ्तार

**महोबा।** सदर कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम ने 25 फरवरी को शहर के खोया मंडी में एक महिला का उसके घर में हत्या करने वाले आरोपी मां बेटे को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया है। शहर की सुभाष पुलिस चौकी क्षेत्र में 65 वर्षीय किरण पुरवार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका का शव घर के बिस्तर पर पड़ा मिला और कानो से सोने के कुंडल गायब होने पर परिजनों ने लूट के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दे दी है। एसपी के निर्देश पर घटना का खुलासा करने के लिए सदर कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम को लगाया गया। टीम ने जांच दौरान घटना स्थल पर साक्ष्य के रूप में चूड़ी का टुकड़ा मिलने पर मृतक की नौकरानी आशा रैकवार (50) पत्नी मुकेश रैकवार और उसके उसके पुत्र सोनू (27) निवासी मोहल्ला नयापुरा बन्धानवार्ड से पूछताछ की गई। पूछतांछ में आशा रैकवार ने बताया गया कि पैसों की आवश्यकता को लेकर मृतका से विवाद हुआ, जिस पर उसने अपने पुत्र मृतका का मुंह दबाकर हत्या कर दी और घटना को चोरी का रूप देने के उद्देश्य से मृतका के कानों से टप्स निकाल लिये गये। पुलिस ने दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मूर्तियों के साथ 2 चोर किए गए गिरफ्तार

**बेलाताल।** दो दिन पूर्व अजनर थाने के सेलापुरवा में रामजानकी मंदिर से श्रीराम, सीता और माता सीता की मूर्ति चोरी हुई थी। पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच करते हुए चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को पकड़कर घटना का खुलासा कर दिया। घटना के अनावरण के लिए थानाध्यक्ष अजनर सुभाष चन्द्र ने थाना स्तर पर टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम पंचायत सचिवालय के पास बने पार्क, ग्राम पुरवा पनवाड़ी से हल्लू अहिरवार(35) पुत्र हरदयाल और भगवानदास रैकवार (32) प्रभुदयाल को पुलिस हिरासत मे लेकर पूछताछ की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से रामजानकी मंदिर से चोरी की गई पीली धातु की रामजानकी और लक्ष्मण की मूर्तियों को बरामद किए गए। पूछताछ दौरान अभियुक्तों ने सचिन राजपूत, जीतेंद्र राजपूत और श्याम सुंदर निवासीगण बमरारा चरखारी के नाम भी लिए गए। बरामदगी के आधार पर संबन्धित धाराओं किया गया है।

## सहायता के लिए तीन हेल्पलाइन नंबर जारी

**महोबा।** वर्तमान में पश्चिम एशिया के ईरान इजरायल एवं अन्य खाड़ी देशों में उत्पन्न युद्ध और तनाव की स्थिति के दृष्टिगत, जिले के जो नागरिक वहां प्रवास कर रहे हैं या किसी कारणवश फंसे हुए हैं, उनकी सुरक्षा और सहायता के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देश पर ऐसे प्रभावित नागरिकों का विवरण संकलित करने और उनके परिजनों को सहायता प्रदान करने के लिए जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम क्रियाशील है। जिले का कोई भी निवासी वर्तमान में उक्त संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में फंसा हुआ है, तो उनके परिजन संबंधित व्यक्ति का विवरण (जैसे नाम, पासपोर्ट नंबर, वहां का पता और संपर्क सूत्र) हेल्पलाइन नंबर लैंडलाइन नंबर 05281 पिनकोड के साथ 298431, 298432 या 298433 पर तत्काल उपलब्ध करा सकते हैं।

# चरखारी में बस स्टैंड के निर्माण का मुद्दा सदन में उठने के बाद भी लटका

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** सपा, बसपा, कांग्रेस और भाजपा की कई सरकारें बदल गईं, लेकिन कोई भी सरकार चरखारी को रोडवेज बस स्टैंड का तोहफा नहीं दे सकी। आज भी कस्बा में सड़क किनारे छोटी सी जगह पर बस खड़ी होती हैं। दूसरी बस आने पर पहले से खड़ी बस को रवाना कर दिया जाता है। चरखारी विधायक डॉ. ब्रजभूषण राजपूत ने बस स्टेशन के लिए सदन में भी मुद्दा उठाया, लेकिन प्रस्तावित स्थल को नॉन जेड ए में होने के कारण हस्तान्तरण में आपत्ति का जवाब देते हुए अब मामले को जिला प्रशासन ने राजस्व विभाग को भेज दिया है।

चरखारी विधायक डॉ. ब्रजभूषण राजपूत ने बजट सत्र के दौरान प्रश्न संख्या 44 रखते हुए चरखारी में बस स्टेशन की स्थापना के संबन्ध में सवाल किया था। विधायक के सवाल का जवाब देते हुए परिवहन राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभारी) दयाशंकर ने बताया कि चरखारी में बस डिपो बनाने के लिए प्रशासन ने जिस स्थल का प्रस्ताव तैयार किया है, वह नॉन जेड ए में है, जिसके कारण भूमि हस्तान्तरण नहीं हो पा रही है। डीएम ने आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद को 30 जनवरी 2025 को पत्र भेजा था, जिसमें भूमि पुर्नग्रहण प्रस्ताव के लिए राजस्व परिषद से मार्गदशन मांगा है।

- नॉन जेडए की भूमि के चक्कर में बस स्टैंड निर्माण का फंसा पेंच

डीएम को पत्र भेजे दो माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन भूमि अधिग्रहण नहीं हो सका। चरखारी रियासत रही है और समथर रियासतें ऐसी रियासतें हैं. जहां जेड के अलावा नॉन जेड ए का प्राविधान है। पूरा क्षेत्र नॉन जेड ए में शामिल है। इसी नॉन जेड ए की भूमि पर तहसील, थाना, डायट, महाविद्यालय सहित तमाम कार्यालय बने हैं।

चरखारी विधायक ने मामले को उठाया है तो शासन-प्रशासन सालों से धूल खा रही फाइलों को साफ कर रहा है। दो माह से राजस्व परिषद का मार्गदर्शन प्राप्त न होने के कारण अभी भी भूमि पुर्नग्रहण प्रस्ताव लम्बित है। यातायात के समुचित संसाधन व बस स्टेशन के अभाव में सड़कों पर आड़ी तिरछी बसे खड़ी होने से आवागमन में असुविधा पैदा हो रही है।

# एसआईआर ने 28 साल बाद भाईयों को मिलाया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- काम की तलाश में बिना बताए गांव से चला गया था छोटा भाई
- दोनों भाइयों के खुशी के छलके आंसू, होली की खुशियां दोगुनी

**अमृत विचार।** विकास खंड कबरई के भंडरा गांव में सालों बाद दो भाई का मिलाप का कारण मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) बना। नाम कटने की जानकारी होने पर 28 साल बाद छोटा भाई गांव पहुंचा और दोनो भाईयों के मिलने पर उसकी आंखों से खुशी के आंसू झलक पड़े। साथ ही परिजनों में खुश नजर आए। दोनो भाईयों को साथ देखकर ग्रामीण भी उत्साहित होकर उससे मिलने के लिए पहुंच गए। अब इस परिवार की होली की खुशियां भी दोगुनी हो गई।

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कई प्रकार के विवाद गहराए साथ ही एसआईआर प्रक्रिया को लेकर कई सवाल उठाए गए। हालांकि जिले में एसआईआर प्रक्रिया ने एक परिवार के लिए खुशियां लौटने का काम किया। विकासखंड कबरई की ग्राम पंचायत भंडरा का निवासी गुनिया मिश्रा अपने दो बेटों संतोष मिश्रा और आत्मदेव मिश्रा के रहत था।



बड़े भाई संतोष मिश्रा। अमृत विचार



साल बाद लौटा आत्मदेव मिश्रा।

लगभग 28 वर्ष पहले गांव में कोई कामकाज न मिलने पर आत्मदेव अपने साथी विजय सोनी के साथ घर से बिना किसी को बताए चला गया। आत्मदेव के जाने पर परिजनों ने उनकी तलाश करते हुए हर जगह ढूंढा। उसके मित्रों व पहचान वालों से भी उसकी जानकारी की लेकिन उसका पता नहीं चला।

समय बीतने के बाद परिवार ने उनके लौटने की उम्मीद भी छोड़ दी थी और लोग उसे भूलने भी लगे थे, लेकिन संतोष ने अपने भाई के वापस आने की उम्मीद नहीं छोड़ी। इसी बीच एसआईआर लिस्ट से आत्मदेव को नाम काटे जाने की सूचना मिली, जिस पर वह अचानक घर पहुंच गया। 28 साल बाद घर वापस लौटने पर वहां सबकुछ बदल गया, जिससे उसे कोई पहचान नहीं सका, जब उसका भाई संतोष गांव से घर पहुंचा तो आत्मदेव को देख उसे यकीन नहीं हुआ और दोनो भाई गले मिलते हुए खुशी से रोने लगे। वहीं परिजन भी भाईयों के मिलन से खासे खुश नजर आए। गांव वालों के बीच भी कौतूहल का विषय है।

# प्रभारी सीएमएस संग अभद्रता पर डाक्टरों का कार्य बहिष्कार

## एसडीएम के कार्रवाई के आश्वासन पर चार घंटे बाद डाक्टरों ने शुरू किया काम

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अराजकतत्वों ने जिला अस्पताल में बीती रात नशे की हालत में मरीज को जबरन रेफर किए जाने को लेकर प्रभारी सीएमएस और स्टाफ के साथ अभद्रता कर दी। अभद्रता से नाराज डॉक्टरों और स्टाफ ने सोमवार को विरोध जताते हुए कार्य बहिष्कार का ऐलान कर दिया। कार्य बहिष्कार की सूचना मिलते ही एसडीएम सदर मौके पर पहुंचे, जहां पर चिकित्सकों ने प्रशासन से आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाते हुए ज्ञापन सौंपा। अधिकारी के आश्वसन दिए जाने के चार घंटे बाद डाक्टर अपने कार्य पर लौटे।

रविवार रात कुछ अराजकतत्व शराब के नशे में जिला अस्पताल के वार्ड में घुस गए। उन्होंने वहां मौजूद नर्स, वार्डबॉय और स्टाफ के साथ अभद्रता की। आरोप है कि ये लोग एक मरीज को जबरन रेफर कराने का दबाव बना रहे थे। स्टाफ के साथ गालीगलौज भी की। हंगामा बढ़ता देख प्रभारी सीएमएस डॉ. राजेश भट्ट मौके पर पहुंचे और उन्हें समझाने का प्रयास किया। डॉ. भट्ट ने बताया कि अराजकतत्वों ने उनके साथ भी अभद्रता करते हुए उनका मोबाइल छीनने की कोशिश की। उन्होंने सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ करने और स्टाफ के साथ मारपीट पर उतारू होने का भी आरोप लगाया। पुलिस के आने की सूचना मिलते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। इस पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



जिला अस्पताल में डाक्टरों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

सोमवार को इस घटना के विरोध में पीएमएस एसोसिएशन के बैनर तले डॉक्टरों और समस्त स्टाफ ने प्रदर्शन करते हुए कार्य बहिष्कार किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि मरीज को कब रेफर करना है, यह डॉक्टर तय करेगा, कोई बाहरी व्यक्ति नहीं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को प्रदेश स्तर पर ले जाया जाएगा। डॉक्टरों के इस प्रदर्शन के कारण अस्पताल में इलाज के लिए आए मरीज और उनके तीमारदार खासे परेशान नजर आए। मामले की जानकारी मिलते ही एसडीएम सदर शिवध्यान पांडे जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने नाराज डॉक्टरों को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद ही डाक्टरों एक ज्ञापन देते हुए काम पर लौटने का निर्णय लिया।

# ब्राह्मण समाज संगठित और शिक्षित होकर अधिकारों के लिए आगे आए

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

**अमृत विचार।** नगर के बस स्टैंड स्थित एक मैरिज हाल में ब्राम्हण महासभा का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में बड़ी तादाद में जनप्रतिनिधि व समाज के लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सदर विधायक राकेश गोस्वामी मुख्य अतिथि रहे, जिन्होंने शपथ के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए अपने कार्य को निष्पक्ष और ईमानदारी से करने की बात कही। इस मौके पर समाज के लोगों ने सदर विधायक को सदर विधायक को भगवान का चित्र भेंट किया गया।

मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समाज को संगठित और शिक्षित होकर अपने अधिकारों के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक समाज संगठित नहीं होगा तब तक विकास भी संभव नहीं होता है। सदर विधायक ने बालिका शिक्षा को बढावा देने के साथ ही उन्हें बचाने के लिए भी समाज को आगे आने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि समाज को जहां भी हमारी आवश्यकता होगी, हमेशा समाज के साथ खड़े रहेंगे। इस मौके पर हास्य कवि राजेश तिवारी ने अपनी रचनाओं के माध्यम से लोगों को लोटपोट कर दिया।



कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद विधायक व अन्य। अमृत विचार

वक्ताओं ने समाज की एकजुटता पर जोर दिया। अंत में नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल अरजरिया ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम का सफल संचालन नीतेंद्र चौबे ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका राठ चैयरमैन श्रीनिवास बुधौलिया, पूर्व नगर पालिका प्रतिनिधि सौरभ तिवारी, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, समाजसेवी निर्दोष दीक्षित पनवाड़ी, नरेश रिछारिया जिलाध्यक्ष ब्राम्हण समाज, समाजसेवी श्रीप्रकाश अरजरिया, डॉ. प्रभात पटैरिया, जिला पंचायत सदस्य अरविंद नायक, राजेश चौबे, महेंद्र द्विवेदी, विजय बहादुर, जीतेंद्र चौबे, मोनू चौबे, अरविन्द बबेले, राहुल वाजपेई, संदीप पाठक आदि रहे।

# एसपी ने शहर में किया पैदल मार्च

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने होली पर्व के दृष्टिगत सदर कोतवाली क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान एसपी ने भारी पुलिस बल के साथ प्रमुख कस्बों, बाजारों एवं महत्वपूर्ण चौराहों का गश्त करते हुए संवेदनशील स्थलों पर पहुंचकर सुरक्षा प्रबन्धों का जायजा लिया साथ ही होलिका दहन स्थलों को भी देखा और अधिकारियों, कर्मचारियों को शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण करते हुए एसपी ने रामकथा मार्ग, तहसील तिराहा, चरखारी बाईपास, खनगा बाजार, शुक्रवारी बाजार आदि घनी एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों और अन्य संवेदनशील स्थलों का पैदल गश्त किया। गश्त दौरान धार्मिक गुरुओं, संभ्रांत नागरिकों के अलावा व्यापारी बंधुओं से संवाद स्थापित कर आगामी त्योहारों को शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारे के साथ सम्पन्न कराने के लिए सहयोग का आह्वान किया गया साथ ही व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रेरित किया।



पुलिस टीम के साथ पैदल गश्त करते एसपी प्रबल प्रताप सिंह। अमृत विचार

पुलिस अधीक्षक ने निर्देश देते हुए कहा कि संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए। भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर सतत निगरानी रखी जाए। होलिका दहन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, इसके अलावा आमजन से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों, भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। कहा कि जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी असामाजिक तत्व अथवा शांति भंग करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# पाइप लाइन लीक, गड्ढों में तब्दील हो रही सड़क

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के मुढारी गांव में नमामि गंगे योजना के तहत डाली गई पाइप लाइन में जगह जगह लीकेज होने से जहां एक तरफ ग्रामीणों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, वहीं दूसरी तरफ सड़कों पर भर रहा पानी लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। सड़कों पर लीकेज पाइप लाइन का पानी भरने से जगह जगह गड्ढे हो गए, जिससे ग्रामीणों का वाहनों के अलावा पैदल चलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से लीकेज लाइन सही कराए जाने की मांग की है।

मुढारी गांव के रोहित, सुजीत, देवेन्द्र, बृजेश, दिलीप आदि लोगों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव की सीसी सड़कों को खोदकर पाइन लाइन बिछाई गई थी, जिससे वहां के बाशिंदों को पानी के लिए दूर दराज तक न भटकना पड़े। बताया कि बिछाई गई पाइप लाइन बिछाने के बाद आएदिन कोई न कोई पाइप लीकेज हो जाता और लोगों के घरों में लगे नलों में पानी नहीं पहुंचा पाता, जिससे पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। बताया कि लीकेज होने की ठेकेदार और कर्मचारियों को सूचना कई बार दी गई, लेकिन लीकेज को दुरूस्त नहीं कराया गया। तहसील क्षेत्र के ग्राम मुढ़ारी में जल जीवन मिशन के तहत डाली गई पाइप लाइन में जगह-जगह लीकेज होने से सड़कों पर जल भराव की स्थिति बनी हुई, जिससे सड़कों पर बड़े बड़े गड्ढे हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कत उठानी पड़ रही है। बताया कि सम्बन्धित ठेकेदार को अनेकों बार सूचित किया गया, इसके बावजूद भी लीकेज सही नहीं किए जा रहे है, और न ही नये कनेक्शन दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि आरसीसी सड़कों की मरम्मत का कार्य भी कछुआ गति से चल रहा है। गांव में नमामि गंगे की टंकी से हर दो दिन में पानी की सप्लाई की जाती है, उसमें भी लीकेज होने पर कई घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने नमामि गंगे के उच्चाधिकारियों से इस ओर ध्यान दिए जाने की बात कही है।



पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण रास्ता दलदल में तब्दील हो गया है। अमृत विचार

- पाइप लाइन में लीकेज होने से घरों तक नहीं पहुंच रहा पानी

**हुनर का धमाल**

**चंद्रकुंवर तिवारी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मन मोहा**

# विद्या के आंगन में चमके नन्हे सितारे, गूंजीं तालियां

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शहर चंद्रकुंवर तिवारी पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह 2026 अत्यंत हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित के साथ किया। इसके बाद मां शारदे की वंदना हुई, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं प्रेरणादायी बन गया। वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक एवं विविध रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विशेष रूप से वंदना, शास्त्रीय नृत्य कत्थक, देशभक्ति से ओत प्रोत प्रस्तुति "मिट्टी के बेटे" और राजस्थानी लोकगीत पर आधारित कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की सजीव अभिव्यक्ति, भावपूर्ण प्रस्तुति और आत्मविश्वासपूर्ण प्रदर्शन ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का दिल जीत लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा अनुरागी ने कहा कि वार्षिकोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि पूरे वर्ष विद्यार्थियों के किए गए परिश्रम, समर्पण और सृजनात्मक प्रतिभा का उत्सव है। यह मंच उन सपनों और प्रयासों का प्रतीक है, जिन्हें विद्यार्थियों ने संजोया और निरंतर मेहनत से साकार किया। विद्यालय के प्रबंधक अवोध सोनी ने कहा कि बच्चों का आत्मविश्वास, मंच संचालन की सुसंगठित व्यवस्था एवं शिक्षकों का कुशल मार्गदर्शन कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहे। कहा कि समारोह ने यह सिद्ध कर दिया कि विद्यालय न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भी सतत प्रयासरत है। अंत में प्रबंधक ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय परिवार को इस सफल एवं प्रेरणादायी आयोजन के लिए बधाई दी। इस मौके पर बच्चों के साथ साथ उनके अभिभावक व स्टाफ मौजूद रहा।



विद्यालय के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

## भारतीयों की मदद को खुला कंट्रोल रूम

**हमीरपुर।** खाड़ी देशों में छिड़ी जंग में भारतीयों की मदद को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। ऐसे लोगों के बारे में जानकारी जुटाने को लेकर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

एडीएम (वित्त एवं राजस्व) राकेश कुमार ने बताया कि ईरान-इजरायल संघर्ष में जनपद के प्रभावित नागरिकों की सहायता के लिए कंट्रोल रूम नंबर जारी किया गया है। जनपद के जो लोग खाड़ी के देशों में हैं, या फंसे हुए हैं, उनकी सुरक्षा और सहायता के लिए जनपद स्तर पर एक कंट्रोल नंबर 9454416001 जारी कर दिया गया है। यदि जनपद का कोई भी निवासी प्रभावित क्षेत्रों में फंसा है, उनके परिजन पूर्ण विवरण नाम पासपोर्ट नंबर वहां का पता और संपर्क सूत्र निम्नलिखित कंट्रोल रूम फोन पर अथवा व्हाट्सएप नंबर पर तत्काल उपलब्ध करा सकते है।



फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ करते चेयरमैन व अन्य। अमृत विचार

## पं.दीनदयाल एकता विकास प्रदर्शनी एवं मेला का फीता काटकर किया शुभारम्भ

**हमीरपुर।** शहर के चौरा देवी प्रांगण में सोमवार को पं.दीनदयाल एकता विकास प्रदर्शनी एवं मेला का नगर पालिका परिषद के चेयरमैन कुलदीप निषाद, सुरेश शर्मा ऊर्फ मुन्ना, दिनेश शर्मा एवं अनवर खान ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। यहां तमाम लोग शामिल हुए।

चौरा देवी प्रांगण में लगी प्रदर्शनी के आयोजक सागर व विनीत ने बताया कि इस प्रदर्शनी में फिरोजाबाद की काकरी, दिल्ली का मीना बाजार, जयपुर की ज्वेलरी, विभिन्न प्रकार के झूला सहित जलपरी आदि कार्यक्रमों की प्रदर्शनी लगाई गई है।बताया कि यह प्रदर्शनी लगभग एक माह तक चलेगी। जिसका शहर सहित जिले भर के लोग खरीदारी एवं प्रदर्शनी का आनंद ले सकेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### शराब और भांग की दुकानों का किया निरीक्षण

**चित्रकूट।** होली के मद्देनजर आबकारी विभाग मदिरा दुकानों एवं भांग की दुकानों का सघन निरीक्षण किया। रजिस्टर से स्टॉक का सत्यापन किया गया। विक्रेताओं को नियमानुसार दुकान चलाने, बिक्री मशीन से करने के लिए निर्देशित किया गया। ढाबों व टोल प्लाजा के पास रखी गुमटियों को भी चेक किया गया।

### महिलाओं को बताए उनके अधिकार

**चित्रकूट।** थानों की एंटी रोमियो टीमों ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है। इस दौरान महिलाओं को बताया गया कि थानों में महिलाओं की सहायता के लिए हेल्पडेस्क बनाई गई है। इनको सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों की पंफलेट दी गई। बताया गया कि सार्वजनिक स्थानों, स्कूल-कालेजों में सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों में पुलिस चेकिंग करती है।

### अवैध शराब समेत पांच लोग गिरफ्तार

**चित्रकूट।** मऊ थाने के एसआई रामअधार सिंह ने पंचराज निषाद निवासी ग्राम बरहा कोटरा को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। एसआई वंशनारायण सिंह ने अशोक कुमार निवासी बंबुरी को 25 पाउच देशी शराब व विनोद कुमार सेन निवासी चंदई को 28 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पहाड़ी थाने के एसआई सुरेश प्रताप सिंह ने राहुल गुप्ता निवासी बांदा को 26 पाउच देशी शराब, मारकुंडी थाने के एसआई सुभाष चंद्र उपाध्याय ने प्रमोद कुमार निवासी दीपू कोलान को 40 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। सभी पर संबंधित थानों में रिपोर्ट दर्ज की गई।

### हाइड्रा से टकराई बाइक राजमिस्त्री की गई जान

**चित्रकूट।** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर रविवार देर शाम सड़क हादसे में एक राजमिस्त्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान भरतकूप थाना क्षेत्र के रसिन चकला गांव निवासी 39 वर्षीय अजीत के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि अजीत रविवार को शटरिंग का काम करने गया था। देर शाम काम खत्म कर वह बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के पास उसकी बाइक सड़क किनारे खड़े हाइड्रा वाहन से टकरा गई। पुलिस ने उसे अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# 803 स्थानों पर हुआ होलिका दहन

## प्रशासन ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, अराजकतत्वों को दी सख्त चेतावनी, सौहार्द बनाये रखने को कहा





मऊ में वाहनों की जांच करते सीओ फहद अली। होली पर्व में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीओ राजापुर राजकमल।

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** होली सकुशल, सौहार्दपूर्ण मने, इसके लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। इस वर्ष जिले में 803 स्थानों पर होलिका दहन किया गया। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था की गई है। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई है कि किसी भी प्रकार की अराजकता न की जाये।

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, मुख्यालय में 125 स्थानों पर होलिका दहन किया गया। इसके अलावा बरगढ़ में 59, मारकुंडी में 29, मानिकपुर में 74, मऊ में 86, सरधुवा में 68, राजापुर में 87, पहाड़ी में 95, रैपुरा में 81, भरतकूप में 75, बहिलपुरवा में 24 स्थानों पर होलिका दहन संपन्न हुआ। अधिकारियों ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, विशेषकर व्हाट्सएप, पर सतत निगरानी रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध तत्काल कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर कड़ी चौकसी

- मऊ संवाददाता के अनुसार, कस्बे और राजापुर में बाजार, बस अड्डा, एवं पर्यटन स्थलों पर पुलिस विशेष चेकिंग अभियान चला रही है। सीसीटीवी एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है तथा स्वास्थ्य केंद्रों को भी अलर्ट पर रखा गया है। प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे होली का पर्व आपसी सौहार्द, शांति एवं भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें।

### तारों की ऊंचाई सीमित रखने के निर्देश : फहद अली

- मऊ क्षेत्राधिकारी फहद अली ने बताया कि मऊ, बरगढ़ और मानिकपुर थाना क्षेत्र के कुल 219 जगहों पर होलिका दहन हुआ। प्रशासन द्वारा सभी होलिका स्थलों का पूर्व निरीक्षण कराया गया था ताकि किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो। यह भी तय किया जा रहा है कि निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व होलिका में आग न लगाई जाए। साथ ही विद्युत तारों से किसी दुर्घटना की आशंका को देखते हुए होलिका की ऊंचाई सीमित रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। त्योहार में सौहार्दपूर्ण वातावरण को खराब करने पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।



सजाई गई होलिका। अमृत विचार

### मोबाइल पैट्रोलिंग से भी रखी जाएगी नजर : राजकमल

- राजापुर क्षेत्राधिकारी राजकमल ने बताया कि राजापुर, पहाड़ी और रैपुरा थाना क्षेत्र के 263 जगहों पर होलिका दहन किया गया। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों तथा संभावित संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल, पिकेट तैनात की गई है। मोबाइल पैट्रोलिंग से भी अराजक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। दूसरे समुदाय के धार्मिक स्थलों या मकानों पर रंग अथवा कीचड़ फेंकने जैसी घटनाओं पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। एंटी-रोमियो स्क्वॉड एवं महिला पुलिस की संयुक्त टीमें सक्रिय रहेंगी। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लगातार अनाउंसमेंट भी कराया जा रहा है।

# ट्रैक्टर पर गिरा हाईटेंशन तार, चारों टायर जले

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

- कई बार शिकायत के बाद भी नहीं हटाये गये हाईटेंशन लाइन के तार

**अमृत विचार।** सिधौली गांव में शनिवार को ट्यूबवेल के पास खड़े ट्रैक्टर पर 11 हजार वोल्ट का हाईटेंशन बिजली तार अचानक गिर गया। करंट की चपेट में आने से ट्रैक्टर के चारों टायरों में आग लग गई और कुछ ही देर में वे पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। घटना में किसी की जान नहीं गई, लेकिन भारी नुकसान हुआ है।

बताया गया कि ट्रैक्टर दिनेश कुमार राजपूत के ट्यूबवेल पर खड़ा था। उसी दौरान पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर सीधे ट्रैक्टर पर गिर पड़ा। घटना के समय राजेश राजपूत के पिता रामबली राजपूत महज करीब पांच मीटर दूर खेत में सब्जी तोड़ रहे थे, जो बाल-बाल बच गए। राजेश ने बताया कि उन्होंने तीन महीने पहले ही ट्रैक्टर के चारों टायर नए लगवाए थे। उनका आरोप है कि ट्यूबवेल के ऊपर से गुजर रही इस 11 हजार वोल्ट लाइन को हटाने के लिए कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई थी, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। ग्रामीणों के अनुसार, यह तार पहले भी कई बार टूटकर गिर चुका है, जिससे इलाके में हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।



प्रतीकात्मक फोटो। अमृत विचार

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पीआरवी 112 पुलिस, लाइनमैन, जेई और अधिशासी अभियंता को फोन से सूचना दी। मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने लाइन कटवाकर स्थिति को नियंत्रित कराया और लिखित शिकायत देने की सलाह दी। दिनेश ने बताया कि उसके परिसर के पास से जबरन हाईटेंशन लाइन खींची गई है। उन्होंने कई बार अधिकारियों से इसे हटाने की मांग की पर सुनवाई नहीं हुई। वहां बच्चे खेलते रहते हैं और गंभीर खतरा बना रहता है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में बिजली विभाग के किसी जिम्मेदार से बात नहीं हो सकी।



डॉ. बीके जैन को श्रद्धांजलि देते परिवारीजन, ट्रस्टी और अन्य लोग। अमृत विचार

# श्रद्धांजलि सभा में डॉ. जैन को किया याद

संवाददाता,सीतापुर (चित्रकूट)

- सद्गुरु सेवा संघ के ट्रस्टी समेत तमाम लोग मौजूद रहे

**अमृत विचार।** श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के निदेशक पद्मश्री डॉ. बीके जैन की याद में सोमवार को श्रद्धांजलि सभा की गई। इसमें साधु संत, जनप्रतिनिधि, सद्गुरु सेवा संघ के ट्रस्टी आदि मौजूद रहे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई। भजनों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर डा. जैन की धर्मपत्नी ऊषा जैन, उनके पुत्र जिनेश जैन, डा. इलेश जैन, बहुएं श्रुति, मौसम आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## करंट की चपेट में आकर युवक झुलसा

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** ट्रेन के खुले इलेक्ट्रिक बाक्स को छू लेने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना रविवार शाम लगभग पांच बजे की है। जानकारी के अनुसार, राजेश (20) पुत्र रामू निवासी हल्दिहा प्रयागराज में काम करता है। होली पर वह आंबेडकरनगर एक्सप्रेस के जनरल कोच में बैठकर घर लौट रहा था। ट्रेन जैसे ही मानिकपुर के पास धीमी हुई, भीड़ के बीच वह दरवाजे पर आकर उतरने की तैयारी करने लगा। बताते हैं कि इसी दौरान दरवाजे के पास लगे खुले इलेक्ट्रिक बॉक्स में उसका हाथ छू गया। इससे तेज करंट से वह झुलस गया। सूचना पर पहुंची आरपीएफ और जीआरपी टीम ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# यमुना नदी में मिला कौशांबी के शिक्षक का शव

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** कई दिनों से लापता कौशांबी के सहायक अध्यापक का शव मऊ में यमुना नदी से बरामद किया गया। शव की स्थिति इतनी खराब हो चुकी थी कि गले में ताबीज से पहचान की गई।

कौशाम्बी के चायल सीओ अभिषेक सिंह ने बताया कि शिक्षक पांच से 20 फरवरी तक किसी प्राइवेट अस्पताल में भर्ती थे। 25 फरवरी को विद्यालय में हस्ताक्षर करने के बाद से वह लापता हो गए थे। परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट सराय अकिल थाने में दर्ज कराई थी। उनकी तलाश के लिए दो टीमें बनाई गई थीं। पुलिस ने सर्विलांस की मदद ली और टीमों को चित्रकूट तथा प्रयागराज भी भेजा गया था। सोमवार को ग्रामीणों ने मऊ थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव के पास यमुना नदी के बीच एक टापूनुमा जगह पर शव देखा। इसकी सूचना मऊ थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह को दी गई। पानी में देर तक पड़े रहने से बुरी तरह फूल गया था, जिससे उसकी पहचान कठिन थी। उनके गले में मौजूद ताबीज (लॉकेट) को देखकर परिजनों ने उनकी शिनाख्त की।



घटना स्थल पर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

- 25 फरवरी को स्कूल में हस्ताक्षर करने के बाद से थे लापता

पुलिस ने पुष्टि के लिए मृतक का डीएनए सैंपल भी सुरक्षित कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, कृष्णबाबू वर्मा (56) कौशांबी के प्राथमिक विद्यालय कनैली में सहायक अध्यापक थे। परिजनों के अनुसार, शिक्षक काफी समय से बीमार थे और शारीरिक रूप से बहुत कमजोर थे। वह मानसिक रूप से भी परेशान चल रहे थे और स्पष्ट बोल नहीं पाते थे।

### क्षेत्राधिकार को लेकर देर तक रही ऊहापोह

- शव मिलने के बाद चित्रकूट की मऊ पुलिस और कौशांबी पुलिस के बीच क्षेत्राधिकार (जूरिडिक्शन) को लेकर भी काफी देर तक बातचीत होती रही। कौशांबी पुलिस ने क्षेत्राधिकार स्पष्ट होने पर गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली, सराय अकिल थाना प्रभारी वीर प्रताप सिंह, मऊ थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। सीओ अभिषेक सिंह के अनुसार, मृतक के शरीर पर चोट के कोई प्रत्यक्ष निशान नहीं मिले हैं। बताया गया कि प्रथमदृष्टया यह मामला नदी में डूबने का लग रहा है। पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है कि मौत के कारणों का पता चल सके।

# ट्रैक्टर की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बरौर थाना क्षेत्र में बीती शाम हुए सड़क हादसे के घायल युवक की मृत्यु हो गई। इसकी जानकारी लगने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

रसालपुर गांव निवासी मोहित कुमार 21 वर्ष रामपुर निवासी अपने जीजा समरथ के छोटे भाई रोहित की शादी में गए थे। वहां से लौटते समय बरौर शराब ठेका के पास तेज रफ्तार मौरंग लदे ट्रैक्टर ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोहित गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गिर पड़े। नाजुक हालत में उसे देवीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। परिजन कानपुर ले गए। वहां इलाज के दौरान मोहित की मृत्यु हो गई। मोहित के पिता संजय कुमार फेरी मजदूर हैं और बाहर रहकर काम करते हैं। मोहित भी अपने पिता की तरह फेरी का काम करता था। उसने कुछ दिनों पहले ही मोटरसाइकिल खरीदी थी।

# चाकू दिखा कर किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

संवाददाता, शिवली कानपुर देहात

- रिश्तेदारी में गए थे माता-पिता, घर पर अकेली थी बच्ची
- शिवली कोतवाली क्षेत्र की घटना, पुलिस ने शुरू की जांच

**अमृत विचारः** किशोरी को घर में अकेला पाकर मनचले ने घर के अंदर कमरे की कुंडी बंद करके दुष्कर्म करने का प्रयास किया। चाकू दिखाकर उसे धमकाया कि अगर उसने किसी से कुछ कहा तो जान से मार देंगे। रिश्तेदारी से लौटी पीड़ित मां ने कोतवाली पहुंच आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मामले को दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया हे जांच की जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए पुलिस को बताया कि वह अपने पति के साथ रिश्तेदारी में गई थी। उसकी 12 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी तभी उसका पड़ोसी लवकुश घर के अंदर घुस आया। इसके बाद अंदर से दरवाजे की कुंडी बंद कर ली और बेटी के साथ छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। आरोप है कि चाकू दिखाकर बेटी को धमकाया कि अगर उसने किसी को भी कुछ घटना के बाबत बताया तो वह बेटी को जान से मार देगा। इससे वह डर गई।

वह अपने पति के साथ रिस्तेदारी से वापस लौटी तो बेटी ने सारी आप बीती उसे बताई। चौकी प्रभारी औनहां नरसिंह ने बताया कि पीड़िता द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर आरोपित युवक के विरुद्ध मामले को लेकर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। किशोरी का डॉक्टरी परीक्षण करवाया जा रहा है। साथ ही आरोपी की तलाश की जा रही है।

# सांड़ के हमले में रिटायर्ड कानून-गो की गई जान

संवाददाता, सिकंदरा कानपुर देहात

- नुमाइश मैदान के पास सोमवार की सुबह सांड़ ने अचानक बोल दिया हमला
- सांस की आस में परिजन ले गए कानपुर, डाक्टर ने मृत बताया

**अमृत विचारः** सिकंदरा कस्बे के मालवीय नगर स्थित नुमाइश मैदान के गेट के पास सोमवार की सुबह आवारा सांड़ के हमले से सेवानिवृत्त कानून-गो गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी पर पहुंचे परिजन निजी वाहन से इलाज के लिए उन्हें कानपुर के प्राइवेट अस्पताल ले गए। वहां उपचार मिल पाता, इसके पहले उनकी मौत हो गई।

सिकंदरा कस्बा के मालवीय नगर निवासी मनीष शुक्ला ने बताया कि उनके पिता रमेश चंद्र शुक्ला (70वर्ष) सेवानिवृत्त कानून-गो थे। उन्होंने दो मकान बनवाए हैं। दोनों में आना-जाना रहता है। सोमवार की सुबह वह पुराने घर से नुमाइश मैदान के पीछे नए घर को जा रहे थे। इसी दौरान घटना हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि नुमाइश मैदान के गेट के पास खड़े आवारा सांड़ ने उन पर अचानक हमला कर दिया। इससे वह बुरी तरह घायल हुए। लोगों ने किसी तरह सांड़ को भगा कर उन्हें बचाया। तब तक रमेश चंद्र के घर के लोग मौके पर पहुंच गए। हालत गंभीर देख वह निजी वाहन से कानपुर के प्राइवेट अस्पताल ले गए। वहां इलाज के पहले ही उनकी मृत्यु हो गई।

परीक्षण के बाद डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही मृतक की पत्नी विनोदिनी शुक्ला व पुत्र त्रियंक शुक्ला बिलखने लगे। पड़ोसियों में भी शोक की लहर दौड़ गई।

### तेज रफ्तार टैंकर की टक्कर से शिक्षक घायल




- **कानपुर देहात।** मैथा विकासखंड क्षेत्र के लमहरा के संविलियन विद्यालय में बालाजीपुरम कल्याणपुर कानपुर निवासी अजय सक्सेना शिक्षक पद पर कार्यरत है। बीएलओ ड्यूटी भी कर रहे हैं। सोमवार की सुबह शिक्षक अजय सक्सेना बाइक से अपने विद्यालय जा रहे थे। वह जैसे ही रामगंगा नहर पुल केसरी नेवादा पर पहुंचे थे। कि तेज रफ्तार टैंकर ने जोरदार टक्कर मार दी। टैंकर की टक्कर लगने से बाइक चालक शिक्षकगंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल शिक्षक को सीएचसी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद कानपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल पहुंचे शिक्षकों एवं परिजनों द्वारा घायल शिक्षक को कानपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि घायल शिक्षक को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**किया जागरूक** — होली पर्व पर चिकित्सकों ने दी सावधान रहने की सलाह

# मिलावटी खाद्य पदार्थ और रसायनिक रंगों से बचें

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** होली का त्योहार आते ही बाजारों में मिठाइयों, नमकीन और रंगों की बिक्री तेज हो गई है। मांग बढ़ने के साथ ही मिलावटी खोवा, नकली खाद्य तेल, खुले में बिकने वाले चिप्स-पापड़ और केमिकल युक्त रंग आदि से बाजार पट से गए हैं।

त्योहार के दौरान कुछ व्यापारी अधिक मुनाफे के लालच में घटिया एवं मिलावटी सामान बाजार में उतार देते हैं, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। होली पर गुझिया और अन्य मिठाइयों की मांग बढ़ने से खोये की खपत भी अधिक होती है। विशेषज्ञों के अनुसार, कुछ स्थानों पर सिंथेटिक दूध, स्टार्च या अन्य रसायनों से तैयार नकली खोवा बेचे जाने की शिकायतें मिलती हैं। ऐसे खोवे से बनी मिठाइयां खाने से फूड प्वाइजनिंग, उल्टी-दस्त और पेट संबंधी बीमारियां हो सकती हैं।

**केमिकल वाले रंगों से त्वचा को नुकसानः** होली पर सस्ते और खुले रंगों में जहरीली डाई व हानिकारक रसायनों की मिलावट वाले रंगों की भरमार रहती है। ऐसे रंगों से त्वचा में जलन, एलर्जी, आंखों में संक्रमण और बालों को नुकसान हो सकता है। डॉक्टर हर्बल या प्राकृतिक रंगों के प्रयोग की सलाह देते हैं।



मऊ में सजी रंगों की दुकान। अमृत विचार

### मिलावटी तेल में तली जा रही नमकीन

- त्योहार पर पकवान और नमकीन की मांग बढ़ने से सस्ते और मिलावटी तेल का भी जमकर इस्तेमाल हो रहा है। घटिया या बार-बार इस्तेमाल किया गया तेल हृदय रोग, पेट की समस्या और अन्य बीमारियों का कारण बन सकता है। खुले में बिक रहे नमकीन और पकवानों में उपयोग किए जा रहे तेल की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### विशेष अभियान में 25 नमूने भरे, भारी मात्रा में हुई जब्ती

- खाद्य निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि होली के अवसर पर विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक कुल 25 नमूने लिए गए हैं। इनमें मुख्य रूप से तेल, कचरी, खोया, पनीर, बेसन, रंगीन कचरी, ड्राई फ्रूट्स, विभिन्न प्रकार की मिठाइयां शामिल हैं। अभियान के दौरान लगभग क्विंटल रंगीन कचरी जब्त की गई है। इसके अतिरिक्त करीब 80 किलो तेल भी कब्जे में लिया गया है। संदिग्ध पाए गए खोया का नष्टीकरण भी कराया गया है।

### जान पहचान की दुकान से लें सामान : डॉ. वैश्य



- मानिकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डॉ. शेखर वैश्य ने बताया कि मिलावटी खोवा, बासी मिठाई और घटिया तेल में बनी नमकीन से फूड प्वाइजनिंग, उल्टी-दस्त, पेट दर्द और डिहाइड्रेशन के मामले बढ़ जाते हैं। उन्होंने सलाह दी कि लोग केवल विश्वसनीय दुकानों से ही खाद्य सामग्री खरीदें और अधिक तली-भुनी चीजों से परहेज करें। किसी को उल्टी, दस्त या चक्कर जैसी समस्या हो तो डॉक्टर से संपर्क करें।

### होली खेलने से पहले लगाएं सरसों का तेल : डॉ. प्रखर



- मऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. प्रखर निगम ने बताया कि बाजार में बिक रहे सस्ते और केमिकल युक्त रंग त्वचा, आंख और बालों के लिए हानिकारक होते हैं। इनसे एलर्जी, खुजली, रैशेज, आंखों में जलन हो सकती है। उन्होंने सलाह दी कि होली खेलने से पहले त्वचा पर नारियल या सरसों का तेल लगा लें, बालों को ढककर रखें और हर्बल रंगों का ही प्रयोग करें। त्वचा पर ज्यादा जलन या सूजन हो तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें।

### खराब रंग लगने पर त्वचा न रगड़ें : संकल्प



- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान वारंगल में केमिकल विभाग में पीएचडी कर रहे संकल्प त्रिपाठी बताते हैं कि होली में केमिकल वाला रंग लगने पर सबसे पहले त्वचा को न रगड़ें, तुरंत नारियल या जैतून के तेल से 10-15 मिनट मालिश करें। फिर गुनगुने पानी और माइल्ड क्लींजर से धोएं। दही-बेसन का पेस्ट लगाएं। सनस्क्रीन का प्रयोग करें और त्वचा को नम रखें। ज्वलनशील पदार्थ (पेट्रोल/एसीटोन) बिल्कुल न लगाएं।

